Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 78 | शुक्रवार, 21 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'इसी साल नक्सलवाद की समस्या से मुक्त हो जाएगा देश'

# गृह मंत्री अमित शाह बोले- 'जीरो टॉलरेंस की नीति से होगा काम'

**नई दिल्ली।**

लगभग पांच दशक पुरानी नक्सलवाद की समस्या से भारत इसी साल मुक्त हो जाएगा। पहले गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक इसे पूरी तरह खत्म करने का ऐलान किया था। लेकिन बीजापुर और कांकेर में मुठभेड़ में 30 नक्सलियों के मारे के बाद शाह ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर तय समय से पहले भारत को नक्सलमुक्त होने का दावा किया है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार 26 जनवरी 2026 को देश के नक्सलमुक्त होने की घोषणा कर सकती है। ध्यान देने की बात है कि 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने नक्सलवाद को आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बताया था। बीजापुर और कांकेर के मुठभेड़ में 30 नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में बड़ी सफलता बताते हुए अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में निर्ममता की नीति (रूथलेस एप्रोच) अपना रही है। उनके अनुसार नक्सलियों के आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में शामिल होने के लिए कई सुविधाएं दी जा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से कार्रवाई की जा रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले ही भारत नक्सलमुक्त होने वाला है।



**नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य**

ध्यान देने की बात है कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय की नई सरकार बनने के बाद 21 जनवरी 2024 को अमित शाह ने केंद्र और राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने की रणनीति पर मुहर लगाई थी। उस समय अगले तीन साल में नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन छह महीने में इस रणनीति से मिल रही सफलता और बड़ी संख्या में नक्सलियों के मारे जाने, गिरफ्तार होने और आत्मसमर्पण करने को देखते हुए शाह ने अगस्त में रायपुर में 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की समय सीमा का ऐलान किया था। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं।

## आतिशी का बीजेपी सरकार पर वार

# 'दिल्ली की महिलाओं को कब मिलेंगे 2500 रुपये'

**नई दिल्ली।**

आतिशी ने भाजपा सरकार से चार सवाल पुछे। उन्होंने कहा कि क्या इखढ सरकार दिल्ली की 48 लाख से ज्यादा महिलाओं को 2500 रुपये देगी? सरकार की कमिटी बने 12 दिन हो गए, अभी तक उस कमिटी ने क्या फैसला लिया? वरिष्ठ आप नेता आतिशी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए जानना चाहा कि दिल्ली में महिलाओं को महिला समृद्धि योजना के तहत 2,500 रुपये मासिक वित्तीय सहायता कब मिलेगी। राष्ट्रीय राजधानी में सत्तारूढ़ भाजपा ने चुनाव के दौरान ये वादा किया था।



दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आश्चर्य जताया कि क्या भाजपा सरकार राजधानी में 18 वर्ष से अधिक आयु की लगभग 48 लाख महिलाओं को 2,500 रुपये प्रदान करेगी या विभिन्न शर्तें लगाकर लाभ को 1 प्रतिशत से भी कम तक सीमित कर देगी। आतिशी ने भाजपा सरकार से चार सवाल पुछे। उन्होंने कहा कि क्या इखढ सरकार दिल्ली की 48 लाख से ज्यादा महिलाओं को 2500 रुपये देगी? सरकार की कमिटी बने 12 दिन हो गए, अभी तक उस कमिटी ने क्या फैसला लिया? महिलाओं को 2500 रुपये देने की योजना का रजिस्ट्रेशन कब से शुरू होगा? दिल्ली की महिलाओं के खातों में 2500 रुपये कब से आयेंगे? क्या दिल्ली की बीजेपी की सरकार मोदी जी की गारंटी को जुमला साबित करने जा रही है?

## मतदाता सूची को अपडेट करने की प्रक्रिया मजबूत की जाएगी

**नई दिल्ली।** मतदाता सूचियों की शुद्धता पर जारी बहस के बीच चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि मतदाता सूची को नियमित रूप से अपडेट करने की प्रक्रिया को जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ करीबी समन्वय से मजबूत बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि मतदाता सूची और आधार को जोड़ने पर यूआइडीएआइ और आयोग के विशेषज्ञों के बीच तकनीकी चर्चा जल्द शुरू होगी। साथ ही कहा, चूंकि एक मतदाता सिर्फ निर्धारित मतदान केंद्र पर ही मतदान कर सकता है।

## कर्नाटक में बिजली हुई महंगी

# बीजेपी ने उठाए सवाल, मंत्री बोले- '85% लोगों पर नहीं पड़ेगा असर'



**बेंगलुरु।**

कर्नाटक में बिजली उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल चुकाना होगा। कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग (केईआरसी) ने बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी कर उपभोक्ताओं को झटका दिया है।

एक अप्रैल से बिजली पर प्रति यूनिट 36 पैसे अतिरिक्त अधिभार या सरचार्ज के रूप में देना होगा। यह कदम केईआरसी द्वारा बिजली आपूर्ति कंपनियों (ईएससीओएम) को पेंशन और ग्रेच्युटी (पीएंडजी) योगदान में सरकार का हिस्सा उपभोक्ताओं से वसूलने की अनुमति देने के बाद उठाया गया है। भाजपा ने इस फैसले जनविरोधी करार देते हुए विरोध किया है।18 मार्च के केईआरसी आदेश में कहा गया है कि कर्नाटक सरकार के आदेश के बाद, आयोग ने ईएससीओएम को अपने उपभोक्ताओं से पेंशन और ग्रेच्युटी योगदान के सरकारी हिस्से को 'पीएंडजी सरचार्ज' के रूप में समान रूप से वसूलने की अनुमति दी है। सरचार्ज एक अप्रैल 2025 से वित्त वर्ष 2027-28 तक लागू रहेगा।

# नीतीश कुमार को हो क्या गया है, आज फिर राबड़ी देवी से भिड़ गए



- **मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी एमएलसी राबड़ी देवी के बीच कहासुनी हो गई।**

**नई दिल्ली।** नीतीश ने हमला करते हुए कहा कि हिंदू-मुसलमानों में इतनी लड़ाई होती थी। हमने सारे काम किए हैं। ये सब कहने का कोई मतलब नहीं है। मेरे आने के बाद सारे काम हुए हैं। इन लोगों को सिर्फ. पब्लिसिटी चाहिए। इन लोगों ने कोई काम नहीं किया है।

बिहार विधान परिषद में गुरुवार को उस समय हंगामा हो गया जब सदन की कार्यवाही के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आरजेडी एमएलसी राबड़ी देवी के बीच कहासुनी हो गई। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी एमएलसी खड़े हो गए और राज्य में बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाने लगे। विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए सदन के वेल में पहुंच गए। उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी शुरू कर दी। इस बीच मुख्यमंत्री ने खड़े होकर विपक्षी एमएलसी को शांत करने की कोशिश की। उन्होंने कहा, ₹मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि आप बैठ जाएं। अगर कहीं किसी की हत्या हुई है तो उसकी जांच जरूर होगी। हम आज ही इस बारे में पूछेंगे। पूर्व सीएम राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कुमार ने कटाक्ष किया कि यह उनके पति (लालू प्रसाद यादव) की सरकार थी और बाद में उन्हें बैठा दिया गया। उन्होंने कहा, ₹जब उनके पति सत्ता में थे, तब क्या स्थिति थी? बिहार में कोई काम नहीं हुआ।

## भ्रष्टाचार पर सीएम योगी का सख्त एक्शन

# इन्वेस्ट यूपी के सीईओ आईएएस अभिषेक प्रकाश सस्पेंड

**लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए इन्वेस्ट यूपी के उएड और वरिष्ठ कअर अधिकारी अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया है। वहीं, एक उद्यमी से रिश्वत मांगने वाले बिचौलिए को भी गिरफ्तार किया गया है। आईएएस अभिषेक प्रकाश लंबे समय तक लखनऊ के डीएम रह चुके हैं। उनके डीएम रहते हुए सरोजनीनगर क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर की जमीन का अधिग्रहण हुआ था।

जानकारी के मुताबिक एक उद्यमी ने सोलर इंडस्ट्री लगाने के लिए इन्वेस्ट यूपी में आवेदन किया था। इस प्रक्रिया में उसके सामने बाधाएं खड़ी की गईं और काम कराने के बदले कमिशन मांगा गया। उद्यमी ने इसकी शिकायत उच्च स्तर पर की, जिसके बाद मामले की जांच हुई। शिकायत की जांच के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए इन्वेस्ट यूपी के सीईओ और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया। वहीं, उद्यमी से रिश्वत मांगने वाले आरोपी जैन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज की। बता दें, अभिषेक प्रकाश 2006 बैच के कअर अफसर हैं। साल 1982 में जन्मे अभिषेक प्रकाश मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। मौजूदा समय में वो सचिव, यूपी सरकार, आईडीसी विभाग एवं सीईओ इन्वेस्ट यूपी का चार्ज संभल रहे थे। उन्होंने साल 2000 से 2004 के बीच आईआईटी रुड़की से इंजीनियरिंग की है। इसके बाद उन्होंने पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन और पब्लिक पॉलिसी में एमए किया। इतना ही नहीं अभिषेक प्रकाश लखीमपुर खीरी, लखनऊ, अलीगढ़ और हमीरपुर जिलों के डीएम भी रह चुके हैं।





### सीएम योगी का भ्रष्टाचार पर 'हंटर'

सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठा रहे हैं। हाल ही में कई अफसरों और कर्मचारियों पर कार्रवाई हो चुकी है। इन्वेस्ट यूपी का यह मामला सामने आने के बाद सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार ने उद्यमियों को भरोसा दिलाया है कि कोई भी सरकारी प्रक्रिया में बाधा डालने या रिश्वत मांगने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कर्नाटक में माननीयों की बल्ले-बल्ले, 100% बढ़ेगी सीएम, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी

**बेंगलुरु।**

कर्नाटक की आर्थिक हालत खराब है। सरकार चलाने के लिए फंड जुटाने में मुश्किल आ रही है। बिजली उपभोक्ताओं पर बोझ डाला जा रहा है। वहीं कर्नाटक सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों का वेतन 100 प्रतिशत बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। सरकार ने इससे संबंधित दो संशोधन विधेयकों को मंजूरी दे दी है।

बताया जा रहा है कि विधेयकों में मुख्यमंत्री का वेतन 1,50,000 रुपये प्रति माह, मंत्री का वेतन 1,25,000 रुपये प्रति माह और विधायकों और एमएलसी का वेतन हजार रुपये प्रति माह करने का प्रस्ताव है। गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने बढ़ते खर्चों का हवाला देते हुए बढ़ोतरी को उचित ठहराया। मंत्री एमबी पाटिल ने भी प्रस्ताव का बचाव करते हुए कहा कि विधायकों के वेतन और भत्ते बढ़ाने में कुछ भी गलत नहीं है। स्वतंत्र समिति की सिफारिश पर यह निर्णय लिया गया है। वहीं राज्य की वित्तीय चुनौतियों को मद्देनजर वेतन बढ़ोतरी को लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं। कर्नाटक में बिजली उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल चुकाना होगा। कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग (केईआरसी) ने बिजली की कीमतों में बढ़ोतरी कर उपभोक्ताओं को झटका दिया है।



# भारत सरकार ने 54 हजार करोड़ के सैन्य उपकरणों की खरीद को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।**

भारत सरकार ने गुरुवार को 54 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के तमाम सैन्य उपकरणों की खरीद प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की स्वीकृति दे दी। तीनों सेनाओं की ताकत को मजबूती देने के लिए इनमें समयपूर्व हवाई हमले की चेतावनी और नियंत्रण (एईडब्ल्यूएंडसी) की अत्याधुनिक विमान प्रणाली, स्वदेशी वरुणास्त्र टारपीडो और टी-90 टैंक के ज्यादा ताकतवर इंजन समेत कई साजो-सामान शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को स्वीकृति दी। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, डीएसी ने पूंजी अधिग्रहण प्रक्रिया यानी खरीदारी के विभिन्न चरणों की समयसीमा को कम करने के दिशानिर्देशों को भी स्वीकृति दी है, जिससे यह प्रक्रिया ज्यादा तेज, असरदार और कुशल हो जाए। मंत्रालय ने बताया कि एईडब्ल्यूएंडसी विमान प्रणाली से वायुसेना की ताकत में इजाफा होगा। इससे लड़ाई के पूरे तरीके बदल सकते हैं और विभिन्न हथियारों वाली प्रणालियों से लड़ाई में ताकत कई गुणा बढ़ जाएगी। जबकि सेना में टी-90 टैंक के लिए मौजूदा 1,000 एचपी के इंजन की जगह 1,350 एचपी इंजन का अपग्रेड, विशेष रूप से ऊंचाई वाले इलाकों में वजन की तुलना में ताकत का अनुपात बढ़ाने से युद्ध के मैदान में इन टैंकों की रफ्तार बढ़ाएगा। मंत्रालय के अनुसार, भारतीय नौसेना के लिए जहाज से छोड़ी जा सकने वाली पनडुब्बी-रोधी टारपीडो वरुणास्त्र काफी महत्वपूर्ण साबित होगी। स्वदेश में बनी इस टारपीडो की ज्यादा संख्या पनडुब्बियों के खतरे से नौसेना को मजबूत बनाएगी।



## संपादक की कलम से

# भविष्य से मुलाकात

यूं तो भविष्य मुलाकात नहीं करता, लेकिन कोशिश हो तो हर पैगाम पे इ$करार करता। हिमाचल के बजट की एक खूबी इसके सशक्त पैगाम की है जो भविष्य को रेखांकित कर रहा है। यह कोशिश हर क्षेत्र को तैयार कर रही है और कहीं न कहीं यह संदेश भी दे रही है कि खाके बदलेंगे और बजट के मायने भी। यह इसलिए भी कि विपक्ष के संदेह नीतियों, नियमों और घोषणाओं को लेकर नहीं, सीमित संसाधनों में बड़े सपनों को पूरा करने में हैं। जाहिर है हिमाचली सपनों की लागत महंगी है, इसलिए कुछ घर में समेटने और कुछ बाहर दिखाने की है। ये छोटे प्रयास से बड़े नतीजे प्राप्त करने की जद्दोजहद है। यह औकात में रह कर जज्बात को बड़ा करने की बात है। बजट का आधार यूं तो आय की मूंगफली में व्यय के छिलके उतारने का रहा है, लेकिन सीमित चादर में अपने पांव की हालत सुनिश्चित की जा सकती है। सुक्खू ने बजट में इरादों को इंगित और इच्छाशक्ति को सुगंधित किया है। वह वित्तीय जरूरतों का आर्थिक तरक्की से गुजर जाने का संदेश दे रहे हैं, इसी तड़प में युवाओं को जीना सिखाते हैं। वह युवाओं को परिवहन जरूरतों में स्वरोजगार का ढांचा दिखा रहे हैं, तो पर्यटन के हिसाब में उन्हें स्वावलंबन की गिनती सिखा रहे हैं। अब स्टार्टअप के नजरिए से हिमाचल को सोचना है, तो युवाओं के हाथों में सिर्फ कलम नहीं, दिमाग में भविष्य के कारनामे भरने होंगे। इन पंक्तियों के लेखक को एक यू ट्यूब चैनल का फोटोग्रॉफर याद आ रहा है, जो जमा दो के बाद अपने प्रोफेशन का महारथी है। विशाल नामक यह युवा पहले वीडियो बनाता, फिर उसे संपादित करता और उसके बाद डिजिटल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर चढ़ा कर मानिटर ही नहीं करता, बल्कि उससे अर्जित आय से अपनी आजीविका का हुनर भी आजमा रहा है। मुख्यमंत्री ने बजटीय भाषण में धर्मशाला की मेहनतकश लड़कियों का जिक्र किया है जो आजीविका के हुनर को परवान चढ़ाने में सब्जी विक्रेता बन गईं। शिक्षा के प्रसार में आजीविका के हुनर की मौलिकता अब हिमाचल की जरूरत है और इस दृष्टि से बजट कुछ प्रोत्साहन, कुछ दृष्टि और संबोधन कर रहा है। उदाहरण के लिए मत्स्य पालन या ट्राऊट पालन में युवाओं के भीतर का विज्ञान कोशिश करे, तो ज्ञान से आजीविका का हुनर परिपक्व होगा। इसी तरह ग्रामीण आर्थिकी में नए प्रयासों से माहौल सराबोर होता है, तो डेयरी के माध्यम से स्वरोजगार के द्वार पूरी तरह खुल जाएंगे। यह दीगर है कि स्वरोजगार के ढांचे में सरकार की ओर से अधिक से अधिक कैपिटल इन्वेस्टमेंट चाहिए। प्रदेश अगर टूरिज्म स्टेट की तरह आगे बढ़ रहा है, तो युवाओं को आगे बढ ? के लिए निरंतर प्रयास की जरूरत रहेगी। इस दिशा में ग्रामीण पर्यटन की दिशा में नए संकल्प, नए विकल्प खोजने होंगे। हालांकि पर्यटन की नई मंजिलें खोजी जा रही हैं, लेकिन पूरे उद्योग के मानकों में सुधार की गुंजाइश है। हर विधानसभा में सभी विभागों के सहयोग से एक-एक पर्यटक गांव नक्शे पर लाया जा सकता है। फोरलेन के निर्माण के साथ-साथ हाई-वे टूरिज्म विलेज तथा हाई-वे फूड मार्ट की प्लानिंग भी हो जाए, तो सडक मार्गों से आ रहे पर्यटक के रुकने के बहाने बढ़ जाएंगे। पंजाब के कुछ श्रद्धालुओं के बीच कुछ विघटनकारी लोगों के आचरण ने माहौल बिगाड़ा है, तो इस संदर्भ में क्षेत्रीय पर्यटन में विभिन्न पड़ोसी राज्यों के साथ मिल कर समन्वित पैकेज शुरू करने चाहिएं। सुक्खू के बजट में हिमाचल का भविष्य हरित राज्य के रूप में गूंज रहा है। हमीरपुर में इस साल सारे सरकारी वाहन इलेक्ट्रिक हो जाएंगे, तो एचआरटीसी में कई बसें इसी तरह के अवतरण में नजर आएंगी। इलेक्ट्रिक टैक्सियों के मार्फत स्वरोजगार को चलाने का इरादा सुक्खू सरकार पेश कर चुकी है।


ललित शर्मा
संपादक

# हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबान हरे माधव सत्संग 23 मार्च 2025

## पूरण सतगुरु ही पारब्रह्म द्वारा रचित सृष्टि में सर्व आत्माओं के उत्थान हेतु अर्श से फर्श पर प्राकट्य होते हैं - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र


गोंदिया

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत ही एक ऐसा देश है जहां आध्यात्मिकता का अणखुट खजाना भरा पड़ा है, जिसका सटीक उदाहरण अभी 3 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक 45 दिवसीय महाकुंभ पर पूरी दुनियाँ ने हैरानी जताई कि करीब 67 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई जो एक रिकॉर्ड है ! इसी आध्यात्मिकता की कड़ी में पवित्र पावन धाम नगरी गोंदिया में 23 मार्च 2025 को कटनी के पारब्रह्म पूरण सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहब जी की पावन हुजूरी में हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया है। मेरा मानना है कि जब हम सतगुरु संगत बाबाजी के शरण में रहकर सेवा भक्ति करते हैं तो हमारे कर्मबार हल्के होते हैं व नित्य श्रवण से, दिव्य आभामंडल में रहने से मन, चित्त शांत स्थिर दिव्य आनंद एकाग्रता सकारात्मक से भर जाता है, जिससे सतगुरु भक्ति के साथ-साथ दुनियाँवीं कार्य व्यवहार भी सहज हो जाते हैं, पुख्ता होकर अमिट नाम भक्ति अभ्यास करते हैं, उनकी लौकिक पारलौकिक सभाल करते हैं। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि पारब्रह्म बाबा ईश्वरशाह साहिब जी का गोंदिया नगरी में आगमन 22 मार्च 2025 को शाम 6 बजे होगा व हरे माधव सत्संग 23 मार्च 2025 को होगा इसलिए आज हम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, पूरण सतगुरु ही पारब्रह्म द्वारा रचित सृष्टि में सर्व आत्माओं के उत्थान हेतु अर्थ से फर्श पर प्राकट्य होते हैं।

साथियों बात अगर हम हरे माधव सत्संग गोंदिया मार्च 2025 की पूरी रूपरेखा की करें तो इसका आगाज 21 मार्च से ही हो जाएगा इस दिन शाम 6 बजे से महिलाओं द्वारा हरे माधव भजन संध्या का आयोजन किया गया है 22 मार्च को पावन प्रभात फेरी दरबार साहब से सुबह 6 बजे निकल कर नगर ब्रह्मण कर सतगुरु निवास शंकर चौक पर समाप्त होगी। वहीं 22 मार्च को शाम 6 बजे गुरुवर के नगर आगमन पर जयस्तम चौक से शंकर चौक तक विशाल पावन धर्म रैली नगर भ्रमण कर गुरु निवास पर विश्रामित किया जाएगा व 23 मार्च 2025 को शाम 6 बजे पावन हरे माधव सत्संग होगा, सत्संग पश्चात पावन लंगर साहब की व्यवस्था है। इस पावन सत्संग में महाराष्ट्र राजस्थान गुजरात छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश उत्तरप्रदेश सहित अनेक राज्यों से संगतों के आने की पूरी संभावना है जिनके रहने खाने पीने की व्यवस्था आयोजकों द्वारा की गई है, यह निष्काम निस्वार्थ भाव आध्यात्मिकता की जड़ों को भारत की मिट्टी में दिखाता है, जो जन्म से ही हर मनुष्य के हृदय में समा जाती है जो रेखांकित करने वाली बात है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान डिजिटल युग में दैन्य जीवन से मुक्त होकर सतगुरु के पावन अंगने में जीवात्मा को समर्पित भाव से आने की करें तो, जीवन मुक्त सतगुरु उनपर अपनी जीवन मुक्त सुहेली दृष्टि आशीष बरसाते हैं और वह एको शाश्वत मुक्ति प्राप्त कर पाते हैं। बेअन्तहै हमारे प्रभु रूप - सतगुरु का पवन अंगना जिसमें आकर अगणित आत्माएं अपना जीवन सफल कर चुकी है अनेक अभी इस राह पर चलने का अभ्यास कर रही है सौभाग्य सौभाग्यशाली हैं हम सारी सांगते, जो एको शाश्वत मुक्ति के भंडारी जीवन मुक्त हरीराया बाबा की जिसको शरण प्राप्त हुई है। बाबा जी फरमाते हैं परमात्मा ने आकाश में ना पटल पर वह परमात्मा तो दिल के अंदर चैतन्य ज्योति रूप में हर पल, हर सांस कायम दयम है जीवन मुक्त सतगुरु की भक्ति के द्वारा, उनकी सेवा बंदगी के द्वारा, सतगुरु के सिमरन ध्यान के द्वारा, आत्मा के अंदर जो, जन्मों जन्मों से सोई गति की जोत है वह जागृत हो उठती है। साथियों बात अगर हम भाव भक्ति से परमात्मा को पाने की करें तो ₹आप सवाँरें हरि मिले₹ परमात्मा को पाना है तो अपनी भावनाओं को ताराशिये क्योंकि भाव बिना भक्ति नहीं निष्काम भक्ति द्वारा ही परमात्मा को पाया जा सकता है, जिन मन प्रीत नाहीं गुरु चरणों से तो भूत प्रेत स्यों रहते, जिनके हृदय के भाव शुद्ध निर्मल हैं और सतगुरु वचनों से सांची प्रीत है, वह परमार्थ पथ पर आगे बढ़ सकते हैं और शेष भूत प्रेत की तरह मन के कहे भटकते रहते हैं, खोटे काले कर्म करते हैं। प्रीत वचनों को वे ही समझ पाते हैं जो पावन सतसंगति में आ सच्चे गुरमुख बन सेवा सत्संग सिमरन ध्यान में रमते हुए सदैव सत्कर्म निष्काम एवं अकर्ता भाव से करते हैं, जिनका जैसा भाव होता है वैसी इन की करणी होती है और उसी के अनुरूप वह फल पाता है, ₹जैसा बीज वैसी फसल₹ इसी वास्ते संतों ने सत्कर्म करने की सीख दी है, जिससे गुरमुखसंगतो के हृदय के भाव निर्मल पवित्र रहे और वे भावभक्ति द्वारा अपना आत्मीय उद्धार पाएं।




साथियों बात अगर हम बाबा जी के विचारों को जानने की करें तो, अप्रगट प्रभु रूप दाता, पूरे सतगुरु का जामा ओढ़ युगों-युगों, कल्पों से इस धरा पर प्रगट होते आए हैं। आदि-अनादि काल से पूरण सतपुरुखों ने, इस धरा पर मानव को मन के, अज्ञानता के अंधेरे से निकाल अंतरघट में परम दिव्य ज्ञान का प्रकाश दिया और दे रहे हैं। पूर्ण सतगुरुनिर्भीक अडोल हो, रूहों को हरे माधव प्रभु मालिक के धाम में ले चलने के लिए, अनेकानेक स्वांग रचते हैं, उनकी मौज प्रभु की मौज है, वे परमत्व मौज के राजे हैं, वे परमत्व मौज के शाहे हैं, पूर्ण संत पुरुखों की मौज निर्लेप और फक्कड़ता वाली मौज है, पूर्ण सतगुरु की मौज पारब्रम्ह की मौज है, सत्संग वाणी में भी आया है-काल खंड में आए के, खेले सतगुरु परम कृपालकाल खंड में रूह उबारे, आप बन कुल दयाल पूर्ण संत सतपुरूखों ने सदा-सदा से एको साहिब के सत-आदेश का अपने पावन भजन मुख से सर्वत्र होका दिया। अब प्रश्न आता है कि पूरण सतपुरुख कहां से आते हैं ? कहते हैं प्यारे गुरुमुखों ! एक पूर्ण संत पुरुख परम प्रकाशी दुनिया से प्रकट होते हैं, वे जन्म से ही दिव्य आलोकित होते हैं। एक गहन भजन की कमाई कर दिव्य परमत्वमय पूर्ण पुरुख शाहे हो जाते हैं और परम प्रकाश फैलाते हैं; जैसे एक नासा का रॉकेट ऊपर उड़कर उन ग्रहों में गया, वहां की ताजा स्थिति हवा, पानी माहौल देख बताया, वहां रहने के लिए कैसी व्यवस्था है। अब हमारे समझाने का भाव यह कि पूर्ण संत पुरुख अपने अंदर परमत्व प्रकाश को जागृत कर चुके होते हैं, वे मुक्त पुरुख होते हैं, वे अपने भजन प्रकाश से अलोकित प्रकट होते हैं, वे हमारे बीच कालखण्ड में धुरलोक से आते हैं और अपना फरमान परमत्व की गहन कमाई कर सर्वत्र अंशी आत्माओं को देते हैं और कालखंड से उबारते हैं क्योंकि हर एक अंश आत्मा अपने मूल स्त्रोत से जुदा, बिछड़ी है। काल खंड में रूह उबारे, आप बन कुल दयाल हरिराया सतगुरु साधसंगत रूपी गंगा का महारस बरसाते हैं, आत्माओं को सतगुरु अमृत नाम का, अमरता का भाव देकर साधसंगत से जोड़कर, सेवा कराकर जीव का इह लोक सुखी, परलोक सुहेला कर देते हैं। पूरन सतपुरुख निर्वाण धुर लोक से आते हैं, याने आप बन कुल दयाल। ऐसी कौन सी ताकत स्त्रोत से वे आते हैं ? वह कौन सा अप्रकट नूर है, जो अथाह है, जिसका अंत नहीं। तो गहबी वचन आए, अप्रगट रूप पारब्रम्ह से, प्रगट रूप पूर्ण सतगुरु आए और रूहों को चिताया कि ऐ बंदे ! तुम्हारा मालिक तुम्हारे अंदर है, काल की दुख भरी, उलझन वाली मन-माया की दुनिया से उठो, चलो, आतम परम अमृत के सच्चे निजधाम में; इसलिए तो हम पूर्ण संत सतगुरु को सच्चे पातशाह कहते हैं, क्योंकि वे एक ऐसी पूर्ण सत्य हस्ती, पूर्ण सत्य पद, जो अडोल है, थिर है, उसमें रच बसकर पूरण सच्चे सतरूप शहंशाह ही हो गए। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हरे माधव दयाल की दया प्रभु सदा मेहरबान- हरे माधव सत्संग 23 मार्च 2025। धर्म नगरी गोंदिया में हरे माधव सत्संग 23 मार्च 2025- धर्म प्रेमियों का सैलाब उमड़ेगापूरण सतगुरु ही पारब्रह्म द्वारा रचित सृष्टि में सर्व आत्माओं के उत्थान हेतु अर्श से फर्श पर प्राकट्य होते हैं।

डॉ.राजीव डोगरा

विद्यालय स्मृति

कविता



आओ कभी फिर विद्यालय की
दहलीज पर दोबारा
तुम्हें वह सब नये –पुराने
ख्वाब मिलेंगे।
आओ कभी फिर शिक्षालय की
देहली पर दोबारा
तुम्हें शिक्षक की डांटा के बाद
प्यार की परछाई नजर आएगी।

आओ कभी फिर ज्ञानमंदिर की
डेहरी पर दोबारा
तुम्हें जीवन को राह दिखाती
शिक्षक की आवाज आएगी।


आओ कभी फिर विद्या मंदिर की
चौखट पर दोबारा
तुम्हें ज्ञान का दीप जलाते हुआ
शिक्षक की कर्मठता नजर आएगी।

# नफरत, असमानता एवं नस्लीय भेदभाव से लड़ें


ललित गर्ग

नस्लवाद मानवता के माथे पर एक बदनुमा दाग है, यह सिर्फ.उन लोगों के जीवन को ही नुकसान नहीं पहुंचाता जो इसे झेलते हैं, बल्कि पूरे समाज को भी नुकसान पहुंचाता है। हम सभी भेदभाव, विभाजन, अविश्वास, असहिष्णुता, घृणा और नफरत से भरे समाज में जीतते नहीं, बल्कि हारते हैं। नस्लवाद के खिलाफ लड़ाई हर किसी की लड़ाई है। नस्लवाद से परे एक दुनिया बनाने में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसी उद्देश्य से जनजागृति का माहौल बनाने के लिये प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व स्तर पर नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाते हैं और दक्षिण अफ्रीका में 1960 के शार्पविले नरसंहार के पीड़ितों को याद करते हैं। हम उन लोगों की आवाज एवं दर्द सुनते हैं जो नस्लवाद के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों में शामिल थे। यह दिवस नस्लीय भेदभाव को खत्म करने और समानता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है और नस्लवादी विचारों और प्रथाओं के खिलाफ चल रही लड़ाई को रेखांकित करता है, ताकि नस्लीय अलगाव से मुक्त वैश्विक समझ और एकता को बढ़ावा देते हुए नस्लमुक्त आदर्श एवं समानतामूलक दुनिया का निर्माण किया जा सके।

किसी व्यक्ति के साथ उसकी त्वचा के रंग, नस्ल, जातीय मूल या जन्म के देश के आधार पर भेदभाव करना नस्लीय भेदभाव कहलाता है। नस्लीय भेदभाव के जरिए लोगों को समान अवसरों से वंचित किया जाता है या उनका अपमान किया जाता है। नस्लवाद, विदेशी लोगों के प्रति घृणा और उससे संबंधित भेदभाव और असहिष्णुता सभी समाजों में, हर जगह मौजूद हैं। 21 दिसंबर, 1965 को, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प 2106 (एक्सएक्स) के माध्यम से सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को अपनाया, जो नस्लवाद को मिटाने के वैश्विक प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम था। इस वर्ष सभी प्रकार के नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की 60वीं वर्षगांठ है। संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों में से पहली के रूप में, नस्लीय भेदभाव के उन्मूलन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने भविष्य के मानवाधिकारों की उन्नति के लिए मंच तैयार किया। 60वीं वर्षगांठ नस्लीय भेदभाव के खिलाफ की गई प्रगति पर चिंतन करने और मौजूदा चुनौतियों पर प्रकाश डालने का आह्वान करती है। यह समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करने और नस्लवाद को खत्म करने के प्रयासों को जारी रखने का समय है, ताकि सभी व्यक्तियों, समाजों के लिए समान व्यवहार एवं समानतामूलक विश्व की संरचना सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत में नस्लीय भेदभावमुक्त समाज को निर्मित करने के लिये प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार चाहती है कि नस्लवाद किसी भी स्थिति में और अवश्य ही समाप्त होना चाहिए। और हम सब मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हर नस्ल, जाति, रंग, लिंग, पंथ में रुचि रखने वाले लोग एक-दूसरे से सुरक्षित और आपस में संबंधित है,





जिससे कि हमारा आने वाला कल सौहार्दपूर्ण तथा समावेशी विकास को बढ़ावा देने वाला हो। बावजूद इसके पूर्वोत्तर राज्यों एवं अन्य समाजों में नस्लीय भेदभाव पसरा है। नस्ल प्रभावित लोगों के खिलाफ बढ़ रही आपराधिक घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। ये घटनाएं न सिर्फ राजधानी में इन राज्यों के लोगों के प्रति बढ़ती असहिष्णुता की स्थिति को दशार्ती हैं, बल्कि यहां कानून-व्यवस्था के हालात पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं। विगत एक वर्ष में दिल्ली में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के खिलाफ विभिन्न थानों में बड़ी संख्या में मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें जहां हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण जैसे गंभीर आपराधिक मामले बड़ी संख्या में हैं, वहीं महिलाओं के खिलाफ दुष्कर्म, दुष्कर्म के प्रयास, छेड़छाड़, फोन पर फब्तियां कसने व घूरने जैसी घटनाओं को लेकर दर्ज किए गए, मामलों की संख्या भी कम नहीं है। यही नहीं, दिल्ली पुलिस की साइबर सेल के पास सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर नस्लीय टिप्पणियां किए जाने संबंधी मामले भी आ रहे हैं। इस तरह तेजी से बढ़ती आपराधिक घटनाएं राजधानी में पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों में असुरक्षा का भाव पैदा कर रही हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। ये स्थितियां भारत के नस्लीय भेदभाव के विरोध और अश्वेतों को समान अधिकार और प्रतिष्ठा दिए जाने की वकालत को भी धुंधलाती है। क्या कारण है कि देश के भीतर के सामाजिक विभाजन एवं नस्लीय भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने के बावजूद उसे मिटा नहीं रहे हैं। भले ही ऐसी वारदातें पुलिस की नजर में छोटी हों लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता एवं गौरवपूर्ण संस्कृति के लिये चिन्ताजनक है। तेजी से बढ़ता नस्लीय हिंसक दौर किसी एक प्रान्त का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल एवं भारत की आत्मा को जख्मी बनाया है। अब इन हिंसक होती स्थितियों को रोकने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है।

देश में कई विसंगतिपूर्ण एवं भेदभावपूर्ण धाराएं बलशाली हो रही हैं, जिन्होंने जोड़ने की जगह तोड़ने को महिमामंडित किया हैं, प्रेम, आपसी भाईचारे और सौहार्द की जगह नफरत, द्वेष एवं विघटन को हवा दी। शायद यही वजह है कि भारत में अब भी लोग हर तरह के वर्ग और समुदाय के साथ घुल-मिलकर रहना सीख नहीं पाए हैं। उनके अचेतन में बिठा दिए गए पूर्वाग्रह समय-समय पर खतरनाक ढंग से सामने आते रहते हैं। एक आधुनिक और सभ्य समाज का लक्षण यह है कि वह अलग-अलग धाराओं से आने वाले लोगों और विचारों को खुले मन से स्वीकारें। आज राजनेता अपने स्वार्थों की चादर ताने खड़े हैं अपने आपको तेज धूप से बचाने के लिये या सत्ता के करीब पहुंचने के लिये। सबके सामने एक ही अहम सवाल आ खड़ा है कि ह्यजो हम नहीं कर सकते वो तुम कैसे करोगे?ह्व लगता है इसी स्वार्थी सोच ने, आग्रही पकड़ ने, राजनीतिक स्वार्थ की मनोवृत्ति ने देश को इंसानों को नस्ल, भाषा, रंग, धर्म के भेदभावों की आग में झोंक रखा है। इक्कींसवी सदी का आदमी हवा में उड़ने लगा है, चांद पर चहलकदमी करने लगा है, ग्रह-नक्षत्रों की दुनिया में झांकने लगा है, यंत्र मानव का निर्माण करने लगा है, अपनी अधिकांश समस्याओं का समाधान कम्प्यूटर-कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) से पाने लगा है, लेकिन इंसान इंसान के बीच के भेदभाव को मिटाने की दिशा में अभी भी यथोचित सफलता नहीं मिली है। यही कारण है कि नस्लीय, लैंगिक, जातीय, भाषायी भेदभाव खड़े हैं। नस्लीय भेदभाव एक गहरा मुद्दा बना हुआ है जो अल्पसंख्यक समूहों को प्रभावित करता है। रूढ़िवादिता, पूर्वाग्रह और प्रणालीगत नस्लवाद असमान अवसरों, संसाधनों तक सीमित पहुंच और शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवा में व्यापक असमानताओं का बड़ा कारण हैं। नस्लीय भेदभाव के दुष्परिणाम व्यक्तिगत अनुभवों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं, जो पूरे समुदाय को नकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। नस्लीय भेदभाव सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को बढ़ावा देते हैं, जिससे पीढ़ियों तक नुकसान का चक्र चलता रहता है। जैसे-जैसे नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के दिवस के आंदोलन ने गति पकड़ी, नस्लीय भेदभाव के खिलाफ लड़ाई में मील के पत्थर हासिल होते गए, जिससे अधिक समावेशी भविष्य की उम्मीद जगी है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृतकाल-2047 तक नये भारत-विकसित भारत-सशक्त भारत निर्मित करने की योजनाओं के साथ भारत में भेदभाव, ऊंच-नीच, छूआछूत की अमानवीता को न केवल धोया हैं, बल्कि एक अधिक समानता एवं समतापूर्ण आदर्श-समाज व्यवस्था की नींव को मजबूती दी हैं। इंसान इंसान को बांटने वाली हर दीवार को और हर भेदभाव को ढहाया जा रहा है। इंसान ने भेदभाव की नीति अपनाते हुए संसार को बाँट दिया। मानव और मानव के बीच में जो नस्ल, जाति, भाषा, रंगभेद की दीवारें खड़ी हैं, उनको ढहाना होगा, और इसके लिए नस्लवाद के खिलाफ उन्मूलन के दिवस जैसे विश्व अभियान को अधिक सशक्त, कार्यकारी एवं सक्रिय करने की आवश्यकता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# नागरिकों से मिले स्वागत व सम्मान को कभी भूल नहीं पाएंगे : डॉ. आशा खेदड़

**वेलकम इंडिया**




**हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा)** : भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी में हर कार्यकर्ता को पूरा सम्मान मिलता है।

पार्टी ने उन्हें दूसरी बार अध्यक्ष बनाकर जो सम्मान दिया है और क्षेत्र की जनता ने जो स्वागत किया है, उससे वे अभिभूत है। डॉ. आशा खेदड़ गुरुवार को उकलाना क्षेत्र में कार्यकताओं द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थी। इस दौरान कई स्थानों पर कार्यकताओं ने फूलमालाओं से व नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याण की योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। सरकार बनने के बाद कार्यकर्ता का काम समाप्त नहीं होता बल्कि उसकी जिम्मेवारी और अधिक बढ़ जाती है।ऐसे में हमें और अधिक सक्रियता से काम करे।उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने उनका जो स्वागत व सम्मान किया है, उसके लिए वे उनकी आभारी हैं और ये विश्वास दिलाती है कि कार्यकताओं के लिए हर समय खड़ी रहूंगी तथा इस सम्मान को कभी भूल नहीं पाएंगी। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ाा ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता श्रीनिवास गोयल मुख्य वक्ता रहे जबकि पूर्व मंत्री अनूप धानक ने अध्यक्षता की।पार्टी नेता रामफल नैन के संयोजन में हुए कार्यक्रम में जिला महामंत्री आशीष जोशी, मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार, मीना शर्मा, मनवीर पूनिया, मोहन नंगथला, जिला सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित लितानी, सुशील रेड्डू, दिलबाग कुम्भा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कुलदीप डेलू, एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार इंदौरा, जिला कोषाध्यक्ष अध्यक्ष अशोक मित्तल,अजीत सिवानी, सुरजीत ख्यालिया, संदीप गोयल, बहादुर सिंह नंगथला, संजय सैनी जसबीर श्योराण, मनीष नैन लितानी, राममिलन शर्मा, दयानंद लितानी सतबीर गोयल, आरजू थाकन, हरपाल, महावीर, सोनू टेलर, संतोष सहारण, रविंदर मलिक, सुखविंदर भादू, कपिल नारंग, बाला देवी, डॉ. शम्मी नागपाल, राधिका गोदारा, उषा अनेजा, मधु सेन, पूनम मेहता, निर्मला खरकड़ा, पूनम जांगड़ा, मनोज भैणी बादशापुर सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर**। जनपद में मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में थाना दुधारा उ0नि0 जितेन्द्र कुमार सिंह, का0 अनिल यादव, का0 रामप्रवेश पासवान, म0का0 अंशु राजभर ने मु0अ0स0 77/2025 धारा 87,137(2) बीएनएस थाना दुधारा के मामले में वांछित अभियुक्त सरबरे आलम पुत्र हबीब थाना दुधारा को मेंहदावल कस्बा के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# डॉ. विजय वीर सिंह को सरसों निदेशक का चार्ज

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा** । भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा भारतीय सरसों अनुसंधान संस्थान, सेवर, भरतपुर के कार्यवाहक निदेशक के रूप में संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विजय वीर सिंह को नियुक्त किया गया है।



डॉ. सिंह पिछले 18 वर्षों से अधिक समय से संस्थान में कार्यरत हैं तथा राई-सरसों के अनुसंधान एवं विकास में उल्लेखनीय योगदान दे चुके हैं। वे संस्थान की फसल सुधार इकाई के प्रमुख रहने के साथ-साथ अखिल भारतीय समन्वित राई-सरसों अनुसंधान परियोजना के राष्ट्रीय समन्वयक के रूप में भी सफलतापूर्वक दायित्व निभा चुके हैं। डॉ. सिंह ने अपने नेतृत्व में कई उन्नत किस्मों के विकास एवं बहुप्रभावी अनुसंधान कार्यों के माध्यम से सरसों उत्पादन बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

संस्थान के भूतपूर्व निदेशक डॉ. पी. के. राय के स्थान पर कार्यभार संभालते हुए डॉ. विजय वीर सिंह अब संस्थान का नेतृत्व करेंगे। इस अवसर पर संस्थान के सभी वैज्ञानिकों और कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

# गोरैया दिवस के अवसर पर गिरिराज तलहटी हरजी कुंड पर किया पौधारोपण

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/जतीपुरा**। गोरैया दिवस के अवसर पर परिक्रमा मार्ग में स्थित हरजी कुंड पर पर्यावरण प्रेमी पंडित दाऊदयाल शर्मा के नेतृत्व में पोधा रोपड़ का कार्यक्रम किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों औ? पत्रकारों के द्वारा पोधा रोपड़ किया गया। कार्यक्रम में गुलाब, समी, अर्जुन, तुलसी, बर जैसे काफी पेड़ लगाए गए।इस अवसर पर पंडित दाऊदयाल शर्मा ने बताया कि आज गोरैया दिवस है बढ़ते प्रदूषण की वजह से पशु पक्षि बहुत कम होते जा रहे हैं , इसलिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और उसके बड़े होने तक देखभाल करनी चाहिए जिससे कि बढ़ते प्रदूषण से मुक्ति मिल सके। इस कार्यक्रम में लोगो ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।और अपने हाथो से हरजी कुंड पर गौरया दिवस पर पेड़ लगाए।



# धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर लेना चाहिए महिलाओं को भागः उमा सुधा

**वेलकम इंडिया**



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा)** : नगर परिषद की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने कहा कि महिलाओं को धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों में हमेशा भाग लेना चाहिए।इस प्रकार के कार्यक्रमों से जहां भाईचारे की भावना जागृत होती है वहीं शिक्षा और संस्कार भी मिलते है।नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा बुधवार को श्रीसाई राम भगवान बाबा के 100वें जन्म उत्सव वर्ष पर चल रहे महिला दिवस कार्यक्रम की श्रंख्ला में बोल रही थी। इससे पहले श्री सत्य साई सेवा संगठन की तरफ से आयोजित हनुमान चालिसा पाठ में नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने भाग लिया और विधिवत रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में नप की पूर्व अध्यक्षा उमा सुधा ने भगवान श्री सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत महिलाओं द्वारा हनुमान चालिसा पाठन व ओल्ड इज गोल्ड महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि राज्य की हर समिति में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए।इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक महिलाओं को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस जन्म उत्सव को महिला दिवस विषय को समर्पित किया गया और इस कार्यक्रम में ओल्ड इज गोल्ड 32 महिला भक्तों को भगवान का आशीवार्द प्राप्त हुआ।इस मौके पर सुमन शर्मा, गिरजा गुप्ता, किरण ग्रोवर, नरेन्द्र कुमार शर्मा, देशराज गुप्ता, वाईपी शर्मा आदि उपस्थित थे।

# मण्डल रेल प्रबंधक ने किया लखनऊ-कानपुर पुल बायाँ किनारा रेलखंड का निरीक्षण

**वेलकम इंडिया**

**लखनऊ**। मण्डल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ लखनऊ-कानपुर पुल बायाँ किनारा रेलखंड का निरीक्षण किया तथा गंगा ब्रिज पर चल रहे मरम्मत एवं इसके रखरखाव के कार्य को सूक्ष्मता से परखते हुए इस संबंध में अपने आवश्यक सुझाव दिए एवं इस कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में सम्पन्न करने के निर्देश पारित किए।इससे पूर्व उन्होंने विंडो ट्रेलिंग करते हुए इस रेलखंड की संरक्षा को परखा।जैसा कि विदित है कि लखनऊ-कानपुर होकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में आने जाने वाली गाड़ियों के नियमित और निरंतर आवागमन में गंगा ब्रिज का विशेष महत्व है।इस पुल से होकर प्रतिदिन अनेक मेल एक्सप्रेस, पैसेन्जर ट्रेनों तथा मालगाड़ियों का आना जाना होता है। अतः इन सभी गाड़ियों के संरक्षित, सुरक्षित तथा समयबद्ध परिचालन के लिए इस पुल का नियमित रखरखाव का कार्य किया जाता है। इसी के तहत आज से आगामी 42 दिनों तक इस पुल पर ब्लॉक लेते हुए इसकी मरम्मत का कार्य किया जाएगा।पुल पर इस कार्य के चलते इस रेलखंड से होकर प्रतिदिन गुजरने वाली गाड़ियों में से कुछ को निरस्त करके तथा अनेक गाड़ियों को शॉर्ट टर्मिनेट/ शॉर्ट ओरीजिनेट, री-शेडयूल तथा मार्ग परिवर्तित करके संचालित किया जाएगा। मण्डल रेल प्रबंधक के दूरदर्शी मार्गदर्शन में किए जाने वाले इस मरम्मत एवं रखरखाव के कार्य को एक सुनियोजित नीति के तहत चरणबद्ध रूप से सम्पन्न किए जाने का प्रावधान किया गया है।इस निरीक्षण कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शाखाध्यक्षों सहित अन्य रेलकर्मी उपस्थित रहे।



# बी.एस.ए. पी.जी. कॉलेज में 24 मार्च को कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा**। बी.एस.ए. पी.जी. कॉलेज, मथुरा के शिक्षा संकाय (बी.एड./एम.एड.) द्वारा बी.एड. एवं एम.एड. उत्तीर्ण/अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन 24 मार्च 2025 को किया जा रहा है। यह प्लेसमेंट कार्यक्रम सी.बी.एस.ई., यूपी बोर्ड, एवं आई.सी.एस.ई. बोर्ड से सम्बद्ध प्रतिष्ठित विद्यालयों में शिक्षकों की भर्ती के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है जिसमें आवेदन की अंतिम तिथिः 22 मार्च 2025 शाम 4:00 बजे तक है। कॉलेज प्रशासन ने इच्छुक छात्र-छात्राओं से अनुरोध किया है कि वे अपने आवेदन पत्र एवं बायोडाटा निर्धारित तिथि तक शिक्षा संकाय (ब्लॉक-बी) में जमा करें, ताकि उन्हें इस सुनहरे अवसर का लाभ मिल सके। प्राचार्य प्रो डॉ. ललित मोहन शर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। यह प्लेसमेंट ड्राइव हमारे छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के संयोजक शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. बी के गोस्वामी ने बताया कि बी.एड. और एम.एड. के छात्रों के लिए यह प्लेसमेंट कार्यक्रम एक शानदार अवसर है, जिससे वे प्रतिष्ठित विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर सकते हैं। हम सभी योग्य छात्रों से अनुरोध करते हैं कि वे समय पर अपना आवेदन जमा करें। समन्वयक डॉ. रवीश शर्मा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक योग्य छात्रों को इस प्लेसमेंट कार्यक्रम के माध्यम से उनके शिक्षण करियर की सही दिशा मिले। यह कार्यक्रम छात्रों को उनके कौशल और ज्ञान को स्कूलों में लागू करने का अवसर प्रदान करेगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक छात्र-छात्राएं शिक्षा संकाय (ब्लॉक-बी), बी.एस.ए. पी.जी. कॉलेज, मथुरा से संपर्क कर सकते हैं।

# सेवा और परोपकार का संदेश देता नि :शुल्क कृत्रिम अंग एवं ट्राईसाइकिल वितरण शिविर

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा**। कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा अव्यान अग्रवाल के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर राजीव अग्रवाल एवं मंजू अग्रवाल के सौजन्य से कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा आयोजित निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं ट्राईसाइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भागवताचार्य परम पूज्य संत सतानन्द मिश्रा, वृन्दावन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जन्मदिवस केवल उत्सव का नहीं, बल्कि सेवा, दान और तप का अवसर भी होना चाहिए।उन्होंने कहा कि समाज के असहाय एवं दिव्यांगजन हमारी सहायता और सहयोग के पात्र हैं, और ऐसे अवसरों पर हमें उनके उत्थान के लिए संकल्पित होना चाहिए।उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने जीवन में सेवा और परोपकार को प्राथमिकता दें, ताकि समाज में समानता और सद्भाव बना रहे। इस आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, दान और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित किया गया, जिससे जरूरतमंदों को सहायता मिल सके और वे आत्मनिर्भर जीवन जीने की ओर अग्रसर हो सकें। इस शुभ अवसर पर संत सतानन्द मिश्रा महाराज ने अव्यान अग्रवाल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि एक सच्चे और महान व्यक्ति की पहचान उसके कर्मों से होती है। उन्होंने बालक अव्यान को जीवन में सच्चाई, परोपकार और सेवा का मार्ग अपनाने की प्रेरणा दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह संदेश दिया कि जब बचपन से ही सेवा और परमार्थ की शिक्षा मिलती है, तो व्यक्ति आगे चलकर समाज और देश के लिए महान योगदान देता है।



# भगवान श्री कृष्ण एकमात्र परमेश्वरः मदन मोहन दास महाराज

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा/गोवर्धन**। मुखिया गार्डन में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन बाल कृष्ण द्वारा इंद्र का मान तोड़ते हुए गोवर्धन पूजा का वृतांत व्यास पीठ से सुनाया गया। गिरिराज प्रभु को छप्पन भोग अर्पित किए। कथा व्यास निमोर्ही अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन मोहन दास महाराज ने कहा कि जीवन में कितनी कठिन परिस्थितियों क्यों ना हो उनका जमकर मुकाबला करना चाहिए विपत्तियों से जो घबराकर जो प्राणी धर्म के मार्ग को छोड़ता है। वह जीवन में कभी प्रसन्न नहीं रह सकता। श्रीमद् भागवत कथा प्रसंग के तहत गोवर्धन पूजा व छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस दौरान भक्तों ने श्री गोवर्धन महाराज तेरे माथे मुकुट विराज रह्यो जैसे भजन गाए। व्यासजी ने कहाकि प्राणी को प्रकृति की पूजा और प्रेम करना चाहिए। जल की बबार्दी नहीं करनी चाहिए, अधिक से अधिक पृथ्वी पर वृक्ष लगाने चाहिए। छप्पन भोग दर्शन के साथ व्यास ने नंद उत्सव का वर्णन करते हुए कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण ने मथुरा में जन्म लिया उनके पिता वासुदेव द्वारा बालकृष्ण को गोकुल छोड़ आए तो दूसरे दिन पूरे गोकुल में उल्लास छा गया।

# अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में पुरस्कार वितरण समारोह हुआ

**वेलकम इंडिया**



**लखनऊ**। अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। यह समारोह छात्रों की मेहनत और प्रतिभा को पहचान देने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल थीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां भी विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए बहुत जरूरी हैं। उन्होंने छात्रों को मेहनत करने और अपने लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ने की प्रेरणा दी। महापौर ने कहा, विद्यार्थियों को सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेल और अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ना चाहिए। यह उनके व्यक्तित्व को निखारता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है। *प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया सम्मानित* यह आयोजन 19 मार्च 2025 को सुबह 11:30 बजे शुरू हुआ। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद प्रतियोगिता, हिन्दी-इंग्लिश वाद-विवाद प्रतियोगिता और अन्य शैक्षणिक प्रतिस्पधाओं में अव्वल रहने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे, जिनमें अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुभाष पाण्डेय, उप प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय, मंच संचालक डॉ. उपेंद्र कुमार उपस्थित रहे। इसके अलावा, कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी इस समारोह में उपस्थित रहे। जिन विद्यार्थियों को पुरस्कार मिले उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। पुरस्कार पाने वाले कई छात्रों ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। एक छात्र ने उत्साह से कहा, यह पुरस्कार पाकर बहुत अच्छा लग रहा है, हमें और बेहतर करने की प्रेरणा मिली है अगली बार और मेहनत करेंगे।

इसके अलावा महापौर सुषमा खर्कवाल ने 'स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण योजना' के तहत बालक-बालिकाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट भी वितरित किए। यह योजना छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने और उनकी पढ़ाई को आसान बनाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है।

# राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में दूसरे दिन हुआ मूल्यांकन




**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** राजकीय कन्या इंटर कालेज खलीलाबाद में दूसरे दिन भी प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज के कुशल नेतृत्व में मूल्यांकन का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रधानाचार्या डा. सबीहा मुमताज ने बताया कि दो दिनों में 14597 कॉपियों का मूल्यांकन उपप्रधान परीक्षकों की देखरेख में 206 परीक्षकों द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि परीक्षकों को कोई असुविधा न हो इसका ध्यान रखा जा रहा है।

# मंदिर मुकुट मुखारबिंद दसविसा ब्राह्मनान ने मनाया फाग महोत्सव

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** मुकुट मुखारबिंद मंदिर की छटा देवलोक सी नजर आई। हर तरफ हुरंगा की मस्ती छाई रही। उड़त गुलाल लाल भये बदरा.....हुरंगा में उड़ते अबीर गुलाल के बादल उमड़ पड़े। हुरंगा शुरू होते ही फूलों और अबीर गुलाल की बरसात हुई तो मंदिर प्रांगण सतरंगी छटा और होली की मस्ती में हुरियारिन और हुरियारे सराबोर हो गए। सभी डोल नगाड़े की धुनों पर जमकर थिरके। वहीं, महिलाओं की चरकुला नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

श्री गिरिराज मुकुट मुखारविंद मंदिर मानसी गंगा दसविसा ब्राह्मनान गोवर्धन में मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी के निर्देशन में बुधवार की शाम मंदिर सेवायतों द्वारा फाग महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दसविसा ब्राह्मनान की हुरियारिनों ने हुरियारों पर प्रेम पगी लाठियां बरसाईं। होली के रसियों, ढप, ढोल और नगाडे.के साथ गाते-बजाते अपनी मस्ती में मस्त हुरियारे ने समाज गायन और हंसी-ठिठोली के बीच गुलाब की पंखुडियां बरसाईं तो हुरियारिनों ने लठ्ठ बरसाए। इसके बाद सभी लोग मंदिर प्रांगण में पहुंचकर ढ़ोल नगाड़े की धुन पर नाचकर श्री गिरिराज जी को खूब रिझाया। चरकुला नृत्य की मनमोहिक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। मंदिर रिसीवर कपिल चतुर्वेदी ने हुरियारिनों को फगुआ की चिट्ठी वितरण की।



# अमन यादव 'अन्नू भैया' बनाए गए युवजन सभा के प्रदेश सचिव, लोगों ने दिया बधाई

**वेलकम इंडिया**



**मिर्जामुराद (वाराणसी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के संस्तुति पर ग्राम पंचायत एवं जिला पंचायत और 2027 में विधानसभा चुनाव के तैयारी को देखते हुए।युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरि द्वारा सेवापुरी विधानसभा के शिवरामपुर गांव निवासी युवा नेता अमन यादव 'अन्नू भैया को समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नामित किया गया।अमन को युवजन सभा का प्रदेश सचिव बनाए जाने पर सेवापुरी के युवाओं में खुशी दौड़ पड़ी।

अमन के आवास पर पहुंचकर पार्टी के नेताओं व युवाओं ने बधाई दिया।इस दौरान अमन ने कहां है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के नेतृत्व में पार्टी ने जो जिम्मेदारी दिया है उसको निस्वार्थ भाव से पालन करुंगा।बधाई देने वालों में वाराणसी के सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव 'लक्कड़ पहलवान', जिला सचिव राम सुंदर यादव, सेवापुरी विधानसभा अध्यक्ष पाखंडी बिन्द, प्रवीण पटेल, प्रिंस जायसवाल, रोहित सिंह, बालगोविंद बिन्द, रिंकू यादव, गौरव पटेल, अनिल कुमार, सुजीत मास्टर, अनिल, सत्यम विश्वकर्मा समेत दर्जनों लोग रहे।

# संघर्ष वाहिनी ने सीएम व आबकारी विभाग का पुतला फूंका



**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** बागेश्वर संघर्ष वाहिनी ने भाजपा द्वारा नई शराब की दुकानें खोलने के विरोध में मुख्यमंत्री व आबकारी विभाग का पुतला फूंका। कहा कि आबकारी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते जनपद में बार में नाबालिग को शराब की बिक्री की जा रही है। अवैध शराब की धड़ल्ले से विक्री की जाती है, जबकि असली अवैध शराब के कारोबारियों को संरक्षण दिया जाता है।वही कार्रवाई के नाम पर छोटे छोटे व्यापारियों को पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब की विक्री करने के आरोप में मुकदमा किया जाता है।वही आबकारी विभाग द्वारा अब तक जिले में कभी भी किसी अवैध शराब के कारोबार करने वालों के खिलाफ छापेमारी की खबरें और विभाग द्वारा किसी को पकड़े जाने की खबरें भी नही सुनाई देती है।जबकि कभी कभार पुलिस ही पकड़ धकड़ करती है।उन्होंने मुख्यमंत्री व आबकारी विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। बागेश्वर संघर्ष वाहिनी के अध्यक्ष कवि जोशी की अध्यक्षता में वाहिनी के सदस्य एसबीआई तिराहे पर सीएम व आबकारी विभाग को पुतला फूंका। उन्होंने सीएम व आबकारी के खिलाफ नारेबाजी की। कवि जोशी ने कहा कि पूरे प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है वहीं भाजपा सरकार पूरे प्रदेश में नई शराब की दुकानें खोलकर नशे को बढ़ावा देने का काम कर रही है। कहा कि जनपद में आबकारी विभाग खुद शराब की तस्करी कर रहा है।जनपद की शराब की दुकानों से सेल्स मैन उंची कीमत में शराब बेच रहे हैं,प्रत्येक बार मे शराब की विक्री की जा रही है।स्टेशन रोड में स्थित शराब की दुकानों का संचालन करने वालों के द्वारा अपने बारों में ही शराब की विक्री कराई जा रही है, नगर के कपकोट मार्ग में भी बार मे शराब की अवैध विक्री होने, सहित अन्य स्थानों में खोले गए बार मे बार के नाम पर शराब विक्री होने पर भी आबकारी अधिकारियों की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठाते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाने के बजाय कैसे नियमों का पालन नही किया जाता है इसको लेकर विभाग की कार्यशैली पर गम्भीर आरोप लगाते हुए मिलीभगत करने वालों पर कड़ी कार्रवाई और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।जिले में शराब की दुकानों में ग्राहकों को ऑनलाइन बिल नही देना, ग्राहकों के लिए शिकायत पंजिका की व्यवस्था नही होना, शराब के लिए जिन अनुज्ञापियो के नाम दुकान आवंटित है उनके द्वारा ही दुकान का संचालन होता है या किसी और के द्वारा इसकी भी जांच की मांग उठाई।कहा कि बार से शराब की बिक्री की जा रही है नाबालिगों को भी शराब दी जा रही है जबकि बार से किसी को शराब बाहर ले जाने की अनुमति नहीं है। उसके बाद भी आबकारी विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी पर सवालिया निशान उठाते हुए जल्द सूचना के अधिकार के तहत तथ्यों के आधार पर अधिकारियों द्वारा किए गए निरीक्षण सहित उच्च अधिकारियों को भेजी गई रिपोर्ट सहित अन्य प्रकार की जानकारी लेकर उसमें कोताही मिलने पर मामले कि उच्चस्तरीय जांच और कोताही मिलने पर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ न्यायालय में जाने की चेतावनी दी है।इस दौरान जिलाध्यक्ष कवि जोशी समेत नवनीत बिष्ट, प्रकाश पांडे, सुनील पांडे, संस्कार भारती, दिब्यांशु पिंडारी, पूरन मेहता, चंदनकोरंगा, दीपक मिश्रा, राजेंद्र पांडे, मिथुर कुमार, नवीनचौबे, जगदीश पाडे आदि उपस्थित थे।

> नाबालिगों को शराब की बिक्री का आरोप, विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत करने के लगाए आरोप

# संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में रंग पंचमी के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**झाँसी।** संघर्ष महिला संगठन के तत्वाधान में रंग पंचमी के अवसर पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन शिवपुरी मार्ग स्थित जे.एस. ग्रैंड में किया गया। कार्यक्रम में मथुरा वृंदावन मंदिर पर चढ़ाए गए पुष्पों से बने गुलाल का प्रयोग कर सभी ने एक दूसरे को तिलक लगाया एवं होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर महिला थानाध्यक्ष किरन रावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित समाजसेविका डॉ० नीति शास्त्री उपस्थित रहीं। अतिथियों के आगमन पर प्रीति अग्रवाल एवं रीना राय द्वारा स्वागत किया एवं आयोजक मंडल द्वारा चुनरी पहनाकर एवं रानी लक्ष्मीबाई की मूर्ति भेंट करने सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई तत्पश्चात बुंदेली दल राधा ग्रुप द्वारा लोकगीतों पर शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही फूलों की होली का भी आयोजन किया गया। संघर्ष महिला संगठन की अध्यक्ष नेहा तिवारी जिन्होंने हाल ही में मिसेज एशिया इंडिया सीजन 4 में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। उन्हें संगठन की चार्टर प्रेसिडेंट सपना सरावगी, मुख्य अतिथि किरन रावत एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर नीति शास्त्री द्वारा सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम की प्रोग्राम डायरेक्टर ओमनी राय और तमन्ना राय रहीं, कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष मोना राय ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ट्रेजरार रक्षा शर्मा, सेक्रेटरी अंजलि अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, प्रेरणा सहवानी, रचना कुदरया, प्रीति अग्रवाल, रीना राय, प्रिया गुप्ता, आकांक्षा, सिमरत जिज्ञासी, अंजलि नगरिया, अंजू सोनी, मधु अग्रवाल, प्रेरणा हजेला, जया पामनानी, ज्योति नगरिया, ज्योत्सना, नेहा, निधि शर्मा, प्रीति वाजपेई, राधा अग्रवाल आदि रहे।



# वंचित और शोषित वर्ग के लिए हर संभव मदद को हम हैं तैयार : डॉ कुलदीप मिश्रा

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**

**बरेली।** आम जनमानस के मानवाधिकारों को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की एक अहम बैठक प्रदेश उप सचिव मनी सिंह के आवास पर संपन्न हुई।

इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ कुलदीप मिश्रा द्वारा संगठन के विस्तार को लेकर उपस्थित सभी मुख्य पदाधिकारियों से विस्तार से चर्चा की गई, इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि किसी भी प्रकार से समाज में वंचित एवं शोषित वर्ग के लोगों का शोषण सरकारी तंत्र या सामाजिक तंत्र द्वारा रोका जा सके। उन्होंने कहा कि आम जनमानस के मानव अधिकारों को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए ही इस संगठन की स्थापना की गई है, इसलिए संगठन का प्रत्येक पदाधिकारी और सदस्य को सजग रहते हुए अपने आसपास वंचित एवं शोषित वर्ग के सभी व्यक्तियों का खास ख्याल रखना होगा। यही हमारे संगठन का मूल उद्देश्य है।इसी के साथ उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और पूरी तरह सक्रिय रखने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर प्रदेश उप सचिव मनी सिंह द्वारा सभी नए सदस्यों को संगठन के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम में सचिव संजीव शर्मा, डॉक्टर प्रेम सिंह, जिला सचिव धीरेंद्र गंगवार, राजेन्द्र प्रसाद, मनोज गंगवार ठाकुर उमेश सिंह दयाराम आदि उपस्थित रहे।



# छात्राओं से यौन-शोषण तथा वायरल अश्लील वीडियो,फोटो के आरोपी प्रोफेसर, चीफ प्राक्टर को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक ने खुलासा के दौरान बताया कि 13 मार्च 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय से थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस पर एक पीडित छात्रा का छदम नाम से शिकायती प्रार्थना पत्र मय आडियो,वीडियो सीडी संलग्न सहित प्राप्त हुआ। जिसकी जाँच से पाया गया कि पीसी बागला डिग्री कालेज हाथरस मे नियुक्त भूगोल प्रवक्ता रजनीश कुमार द्वारा कालेज की अनेकों छात्राओं के साथ कालेज एवं अपने घर पर उनका यौन शोषण करते हुए शारीरिक दुष्कर्म किया गया है जिसके फोटो वीडियो स्वयं आरोपी प्रवक्ता रजनीश कुमार द्वारा अपने मोबाइल फोन एवं लैपटाप से बनाकर छात्राओं का निरंतर यौन शोषण किया गया है। उक्त संबंध में थाना हाथरस गेट पर नियुक्त उप-निरीक्षक सुनील कुमार, चौकी इंचार्ज आद्यौगिक क्षेत्र के द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया। अभियुक्त रजनीश कुमार पुत्र स्व० साहब सिहं निवासी ग्राम जाबरा थाना माँट जनपद मथुरा हाल निवासी चमनबिहार कालोनी थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस द्वारा पूछताछ पर बताया गया कि वह वर्ष 2001 में पीसी बागला कॉलेज में बतौर शिक्षक नियुक्त हुआ और वर्ष 2016 में वह इस कालेज में भूगोल विभागाध्यक्ष हो गया। जुलाई 2024 में उसे इस कालेज का चीफ प्रॉक्टर बनाया गया। उसकी शादी वर्ष 1996 में हुयी लेकिन कतिपय कारणों से उसकी कोई संतान नहीं हो पायी और उसकी पत्नी के साथ उसके पारिवारिक संबंध भी अच्छे नहीं रहे। इस दौरान इसने दूसरी शादी के लिए अन्य लड़कियों से संपर्क किया और इसी दौरान एक लड़की जिससे इसके रिश्ते की बात प्रारम्भ हुयी वह एक दिन इसके घर पर आयी और आरोपी प्रोफसर ने उसके साथ शारिरिक संबंध बना लिया परन्तु उसके साथ उसका विवाह नहीं हो सका। यह घटना उस दौरान वहां पर रखे हुये कम्प्यूटर सिस्टम में लगे वेब कैम में रिकार्ड हो गयी, जो तत्समय ऑन था। जब बाद में कम्प्यूटर चेक करने पर वेब कैम में इस घटना के रिकॉर्ड होने की जानकारी हुयी तभी से उसके दिमाग में अन्य लड़कियों विशेषकर अपने कॉलेज की छात्राओं के साथ शारीरिक संबंध बनाने और उन क्षणों के वीडियो रिकार्ड करने की योजना उसके दिमाग में आयी। वासनाजनित इसी मनोविकृति के कारण कालेज में अध्ययनरत छात्राओं को प्रलोभित कर उसने उनके साथ नजदीकियां बढाते हये शारीरिक सम्बन्ध बनाने की गंदी योजना बनायी। सर्वप्रथम उसने यह कुकृत्य वर्ष 2019 में शुरू किया। उसने अपने कालेज में संविदा पर नियुक एकचतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारी को भी अपन प्रभाव दिखाकर उसे अपने जाल में फंसाकर उसका कई बार यौन शोषण किया और उसका वीडियो बनाया। वह अपने पद का प्रभाव दिखाते हुए छात्राओं को उच्चतर कोर्सेस में दाखिला कराने, उनको नौकरी लगवाने एवं परीक्षा में अच्छे अंक दिलाकर पास कराने का प्रलोभन देकर उन्हें अपने जाल में फंसाता था।

# पीएम श्री विद्यालय बाघ नगर मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम का आयोजन




**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जनपद में द्वितीय फेज में चयनित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बाघ नगर में मेरा गांव मेरा विद्यालय कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को गणमान्य व्यक्तियों एसएमसी सदस्यों अभिभावकों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर अब्दुर्रहीम प्रधानाध्यापक ने कहा बच्चों के समुचित विकास में विद्यालय एवं समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय एवं बच्चों के विकास के लिए विद्यालय अभिभावक एवं समुदाय एक दूसरे से परस्पर जुड़कर नियमित सहयोग, सक्रिय प्रयासों, से बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि एवं सीखने की प्रक्रिया को अधिक समृद्ध बनाया जा सकता है। इन्हें उद्देश्यों के प्राप्ति हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष ग्राम प्रधान मुनीर अहमद अब्दुर्रहीम प्र अ जलालुद्दीन अंसारी नसीबा खातून अबू शहमा फारुकी अनीसा खातून साजदा खातून शामें इकबाल ममता सोनी जयारत्ना विजयलक्ष्मी पूनम द्विवेदी जुनैद अहमद अब्दुल करीम मौजूद रहे।

# श्री श्री 1008 काशिल देव मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए मंदिर कमेटी ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** क्षेत्र के लोगों ने नगर पंचायत से लगी ग्राम पंचायत कपकोट के श्री श्री 1008 काशिल देव मंदिर के सुन्दरीकरण के लिए विधायक सुरेश गढ़िया से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। गढ़िया ने आश्वस्त किया कि मंदिर को धार्मिक पर्यटन के रूप में विकसित करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।श्री श्री 1008 काशिल देव मंदिर के सुन्दरीकरण के लिए विधायक गढ़िया को सौपे ज्ञापन में कहा है कि काशिल देव मंदिर क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों में से एक है।मंदिर में हर साल तीन गते बैशाख महीने में क्षेत्र का सुप्रसिद्ध स्याल्दे बिखोती का मेला लगता है जबकि वर्षभर भागवत, कथा, जन्माष्टमी मेला समेत अन्य अनुष्ठान होते रहते हैंस जिसमें बड़ी संख्या में लोग शिरकत करते हैं। मंदिर क्षेत्र का धार्मिक दृष्टि से विकास होने पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में हर साल वृद्धि होगी। विधायक से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त हॉल का निर्माण कराने, प्रांगण में कोटा स्टोन लगवाने, पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी की निधि से निर्मित भोगशाला का निर्माण कार्य पूरा कराने, सुरक्षा दीवार बनवाने औ? पथ प्रकाश की व्यवस्था कराने की मांग की है। विधायक गढ़िया ने कहा कि सरकार पर्यटन औ? धार्मिक पर्यटन को बढ़ाने के दिन रात कार्य कर रही है। काशिल देव सभी के ईष्ट औ? आराध्य हैं लोगों की उन पर गहरी आस्था है। ज्ञापन देने वालों में मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जमन सिंह बिष्ट, व्यवस्थापक महिमन कपकोटी, सभासदों में गजेंद्र कपकोटी, गणेश तिरुवा, पूर्व प्रधान गणेश चंद्र उपाध्याय, पूर्व बीडीसी सदस्यों में चंद्र सिंह कपकोटी, तारा सिंह कपकोटी, पूर्व सभासद तनुज तिरुवा, राजेंद्र कपकोटी, मोहन सिंह कपकोटी, डा. भूपाल कपकोटी आदि मौजूद रहे।



# शब्द यात्रा का जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में साहित्यिक सम्मेलन सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**

**नई दिल्ली।** 20 मार्च।प्रसिद्ध साहित्यिक संस्था शब्द यात्रा' के तत्वावधान में अंतरराज्यीय साहित्यिक सम्मेलन जिम कॉर्बेट नेशनल उद्यान उत्तराखंड मेंआयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ.मुकेश गंभीर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विदू कालरा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि गुप्ता एवं बरखा यादव ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं संकल्प ने मधुर स्वरों में सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर समा बांध दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विदू कालरा ने शब्द यात्रा की अध्यक्ष श्रीमती शारदा मित्तल एवं महासचिव प्रीति मिश्रा की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से साहित्य को नई दिशा मिलती है।कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. मुकेश गंभीर ने बताया कि वो शब्द यात्रा द्वारा आयोजित सभी यात्राओं में सहभागी रहे हैं और हर यात्रा और उसमें आयोजित कार्यक्रम अविस्मरणीय अनुभव रहा है। शब्द यात्रा की अध्यक्ष शारदा मित्तल ने बताया कि यह एक साहित्यिक यात्रा ही नहीं, अपितु एक आध्यात्मिक यात्रा भी थी।इस अवसर पर सभी यात्रियों ने कैंची धाम करौली बाबा, गिरिजा देवी मंदिर एवं हनुमान धाम का दर्शन लाभ लिया ।इसके साथ ही जिम कॉर्बेट जाकर प्रकृति के सौंदर्य और कोसी नदी के बहते पानी के अलौकिक दृश्य का आनंद भी प्राप्त किया। सभी यात्रियों ने आनंद, उल्लास एवं उमंग से भरकर गाते-बजाते यात्रा का भरपूर आनंद लिया इस यात्रा ने न केवल साहित्यिक चेतना को जागृत किया, बल्कि आत्मिक शांति का अनुभव भी कराया। इस साहित्यिक महाकुंभ में 42 शब्दयात्रियों ने भाग लिया और अपनी अपनी विचारधारा, संस्मरण, कविताएँ एवं कहानियाँ की शानदार प्रस्तुत कीं।कार्यक्रम में डॉ कृष्णा कुमारी, सीमा भारद्वाज, कमलेश यादव, अनु चड्ढा, मुकेश चड्ढा, गायत्री गांधी, मौनिका सोलंकी, रेनू गुप्ता , तुषारिका,अशोक कुमार गुप्ता, जगदीश मित्तर गांधी, स्मृति श्रीवास्तव, तान्या,अकीरा, गायत्री गॉधी,सहित अन्य रचनकारों ने भाग लिया।



# बिजली विभाग ने 20 उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन



वेलकम इंडिया

**इटवा/सिद्धार्थनगर।** बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। कठौतिया सब स्टेशन की टीम ने बृहस्पतिवार को इटवा तहसील के लालपुर गांव में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 10 हजार रुपए से अधिक बकाया वाले 20 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए।

अवर अभियंता कठौतिया सिद्धार्थ शंकर के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। लाइनमैन ने बिजली पोल पर चढ़कर कनेक्शन की जांच की। मीटर रीडर ने उपभोक्ताओं के मीटर चेक किए। जिन लोगों का बकाया 10 हजार रुपए से ज्यादा था, उनकी लाइन काट दी गई। इस अभियान में विभाग ने 42 हजार रुपए की

### ■ लाइनमैन ने बिजली पोल पर चढ़कर कनेक्शन की जांच की

बकाया वसूली भी की।अवर अभियंता सिद्धार्थ ने कहा कि जांच अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने बकायेदारों को चेतावनी दी है कि वे समय पर बिल जमा करें। अन्यथा उनकी बिजली लाइन काट दी जाएगी। जिन लोगों के कनेक्शन काटे गए हैं, उन्हें सख्त हिदायत दी गई है। बिना बकाया जमा किए अगर कोई लाइन जोड़ता है, तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। टीम में अजय त्यागी, मीटर रीडर प्रदीप पाण्डेय, सत्य प्रकाश मिश्रा, लाइनमैन प्रगति यादव, दिलीप और हन्नान शामिल थे।

# शराब की दुकानों के विरोध से बैकफुट पर आबकारी विभाग

वेलकम इंडिया

**बागेश्वरः** जिले में आबकारी विभाग द्वारा नई शराब की दुकानें खोलने की योजना पर जबरदस्त विरोध हुआ, जिससे विभाग को बैकफुट पर आना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोलने की योजना के खिलाफ स्थानीय लोगों का गुस्सा इतना बढ़ा कि मुख्यमंत्री और आबकारी विभाग के पुतले तक फूंके गए।

**ग्रामीणों का कड़ा विरोध, सोशल मीडिया पर आक्रोशः** आबकारी विभाग ने सौंग, कर्मी-विनायक, रावतसेरा, मुनार और रीमा समेत कई इलाकों में शराब की दुकानें खोलने का प्रस्ताव दिया था। लेकिन जैसे ही यह जानकारी सोशल मीडिया पर आई, लोगों ने विरोध शुरू कर दिया। गुरुवार को कई संगठनों और स्थानीय निवासियों ने खुलकर विरोध किया। रीमा गांव के दीपक जोशी ने कहा, ₹हमारे क्षेत्र में शराब की दुकानें खुलने से युवा पीढ़ी बर्बाद होगी। हम इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे।₹-कर्मी-विनायक क्षेत्र की सरपंच गीता बिष्ट ने सरकार से अपील करते हुए कहा, ₹यहां की आबादी बहुत कम है और लोग शराब के पक्ष में नहीं हैं। सरकार को विकास पर ध्यान देना चाहिए, न कि शराब बेचने पर।

**राजनीतिक दलों ने भी उठाई आवाजः** इस मुद्दे को कांग्रेस ने भी हाथों-हाथ लिया। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी अपने समर्थकों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और नई दुकानों का कड़ा विरोध किया। भाजपा के कपकोट विधायक सुरेश गड़िया को भी जनता के आक्रोश के बीच आकर आबकारी विभाग को फटकार लगानी पड़ी। सोशल मीडिया पर बढ़ते विरोध के चलते प्रशासन को भी फेसबुक पेज ऊकढफ व३३१ह्यँल्ल पर सफाई देनी पड़ी कि नई दुकानें नहीं खोली जाएंगी।

## विभाग को बैकफुट पर आना पड़ा

मामले के बढ़ते विवाद को देखते हुए आबकारी विभाग ने आखिरकार नई दुकानों के प्रस्ताव को निरस्त करने की घोषणा कर दी। जिला आबकारी अधिकारी हरीश चंद्र कुमार ने कहा, ₹राजस्व बढ़ाने के लिए नई दुकानें खोलने का प्रस्ताव था, लेकिन जनविरोध और जनप्रतिनिधियों की नाराजगी को देखते हुए इन्हें निरस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। इस घटनाक्रम से यह साफ हो गया कि बागेश्वर के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की दुकानें खोलने के फैसले को जनता किसी भी हाल में स्वीकार नहीं करेगी। वही क्या जनता के विरोध के बीच शराब की दुकान के साथ अपने बियर बारों को शराब की सप्लाई कर अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर आबकारी विभाग और पुलिस सख्ती बरतते हुए असली शराब के अवैध कारोबारियों पर नकेल कसेगी या नही ये देखने वाली बात होगी पर अधिकांश अवैध शराब का काला कारोबार करने वाले धड़ल्ले से शराब की अवैध विक्री कराते है और आबकारी विभाग और पुलिस ऐसे लोगों पर शिकंजा नही कस पाती है जबकि छोटे छोटे अवैध कारोबारी जो दुकान में कुछ बोतल ही बेच पाते है उन पर अवश्य कार्रवाई होती रहती है ।जबकि असली लोग रसूखदार की तरह धड़ल्ले से अपना धंधा चलाते है ।इस ओर यदि ईमानदारी से कार्य हो तो सरकार का नशामुक्त अभियान भी धरातल पर खरा उतरेगा ।पर ऐसा होना आज के परिवेश में कम ही नजर आता है।

# बभिया के प्राथमिक विद्यालय में शारदा संगोष्ठी का आयोजन हुआ



वेलकम इंडिया/चरण सिंह

**बरेली।** प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन लाने विद्यालय में के लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, इसी को ध्यान में रखते हुए क्यारा ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बभिया में प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा द्वारा शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अभिभावकों को सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक कराना था, प्राथमिक विद्यालय बभिया में वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी के मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनको देखकर बच्चों के अभिभावकों और विद्यालय के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की, इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा गया कि जब तक अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय नहीं भेजेंगे तब तक भौतिक रूप से संपन्न विद्यालय भी शिक्षा के स्तर को बेहतर नहीं बन सकता। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष क्यारा धर्मेंद्र पटेल ने कहा कि शारदा संगोष्ठी का यही संदेश है कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें। सरकार प्रत्येक बच्चे के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है यदि अभिभावक जागरुक होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाते हैं तो उनके बच्चे शिक्षित होकर अपने क्षेत्र के साथ देश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर सहायक अध्यापक निशि यादव आरती सिंह अर्चना सिंह ग्राम प्रधान धर्मपाल सिंह यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर जन सेवा थीम पर विशेष कार्यक्रमों का होगा आयोजन हुआ

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 मार्च से बागेश्वर जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों में ₹जन सेवा₹ थीम पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में बहुद्देशीय शिविर, चिकित्सा शिविर और जागरूकता कार्यक्रम शामिल है। जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कार्यक्रम के सफल सम्पादन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल व प्रभारी अधिकारी नामित किए है। तथा सभी अधिकारियों को समय रहते त्रुटिरहित तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने जन-प्रतिनिधियों,सामाजिक कार्यकताओं और आम नागरिकों की भागीदारी से कार्यक्रम को भव्य बनाने पर जोर दिया है। तथा इस सम्बंध में प्रत्येक कार्यक्रम के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाधिकारी ने आयोजित शिविरोंमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य,सहकारिता,डेयरी,बाल विकास, उद्योग और नगरपालिका आदि विभागों के लाभार्थियों को चेक,सामग्री और उपकरण वितरित करने के निर्देश दिए है। साथ ही विभागीय और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए कार्यक्रम स्थलों पर स्टॉल स्थापित करने के निर्देश दिए है। विधानसभा बागेश्वर में 23 मार्च को नुमाईशखेत मैदान एवं 25 मार्च को कृषि विज्ञान केंद्र,काफलीगैर और 27 मार्च को विकास खंड कार्यालय,गरूड़ एवं 29 मार्च को राउमा विद्यालय जखेड़ा में बहुद्देशीय शिविर, चिकित्सा शिविर आयोजित होगा। उधर विधानसभा कपकोट में 24 मार्च को केदारेश्वर मैदान,26 मार्च को विवेकानंद विद्या मंदिर, बीसा-रीमा एवं 28 मार्च राइका शामा में बहुद्देशीय शिविर एवं चिकित्सा शिविर आयोजित होगा।



# जमीनी विवाद में चले लाठी-डंडे पांच घायल, दो का चालान

**मिजार्मुराद(वाराणसी)।** क्षेत्र के बिहड़ा गांव में बुधवार की अर्धरात्रि में जमीनी विवाद को लेकर दोनो पक्ष कहासूनी के बाद लाठी डंडा ईट पत्थर चलने लगे। जानकारी के अनुसार एक पक्ष के मजनू पासवान अपने पुत्र मुनीब उर्फ मुन्नू व निरहू संग हाइवे की सर्विसरोड किनारे पूर्व से रखी झोपड़ी हटा कर रात्रि में टिनसेट लगा रहे थे दूसरे पक्ष बसंत पाल व उनके भतीजे जगनारायण पाल ने विरोध इस बात को लेकर किया की जमीन पर कोर्ट से स्थगन है।

# प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा केंद्र का हुआ शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** मान्या हेल्थकेयर न्यूरोपैथी, प्राकृतिक एवं योग चिकित्सा केंद्र महदेवा नानकर शोहरतगढ़ का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।डाक्टर अनिल चंद्र श्रीवास्तव प्राकृतिक एवं योग चिकित्सक ने कहा न्यूरोपैथी क्रायोप्रेटिक विधि, प्राकृतिक चिकित्सा और जीवनशैली खानपान में थोड़े से बदलाव से बीपी शुगर गठिया सायटिका कमर दर्द जोड़ों का दर्द गैस कब्ज जैसी लंबी समय तक चलने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। मनुष्य को छोड़कर कोई भी व्यक्ति किसी दूसरे प्राणी का दूध नहीं पीता लोगों का मानना है दूध पीने से हड्डी मजबूत होती है पर क्या हमारी हड्डी हमारी इम्यूनिटी भैंस घोड़े हाथी से ज्यादा है ! ऐसी बहुत सी चीजें हैं,जो हमारे जीवन का अंग है,पर वह हमें नुकसान पहुंचा रहे हैं और हमें पता भी नहीं। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष/ समाजसेवी मुमताज अहमद,प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष पंडित लवकुश ओझा, आर्किटेक्ट एपी श्रीवास्तव,भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव,वरिष्ठ पत्रकार डॉ दीपक श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, रानू श्रीवास्तव, डब्ल्यू जैसवाल, दुर्गेश निषाद,कक्का तिवारी, दिव्य श्रीवास्तव, कान्हा आदि मौजूद रहे।

# हथियार बनाने की फैक्ट्री पकड़ी पांच गिरफ्तार



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** कैंट थाना पुलिस ने अवैध हथियार बनाने और उनकी मरम्मत करने वाले गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए बड़ी मात्रा में तैयार और अधबने हथियार भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र की नकटिया स्थित कृष्णा कॉलोनी के पास एक खंडहर में मुखविर की सूचना के बाद पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। जिसमे पुलिस ने बीती शाम बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला कालीबाड़ी निवासी राजेश पुत्र राजकुमार, राजेंद्र उर्फ चिरकुंडा पुत्र लालता, आकाश पुत्र हरिओम निवासी फालतूगंज, अभिषेक पुत्र डालचंद निवासी कालीबाड़ी, अक्षय पुत्र जमुना प्रसाद और प्रेम कछु उर्फ कछु पुत्र हरिओम को गिरफ्तार कर लिया, मौके से पुलिस में 2 बंदूक दो नाल, 1 बंदूक एक नाली, दो तमंचे, दो अर्धनिर्मित तमंचे और बड़ी मात्रा में अवैध हथियार बनाने के औजार के अलावा बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किए है।

# डिजिटल वालंटियर कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे, एडीजी रमित शर्मा ने वालंटियर्स को दी शुभकामनाएं

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) जोन बरेली रमित शर्मा ने जिले के सभी डिजिटल वालंटियर्स को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दीं और डिजिटल वालंटियर कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने भ्रामक सूचना (मिस इनफॉरमेशन) के खिलाफ जागरूकता फैलाने और समाज को सुरक्षित बनाने में वालंटियर्स की भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर एडीजी ने कहा कि 2024 में डिजिटल वालंटियर्स ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर समाज को गुमराह करने वाली झूठी खबरों और अफवाहों को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब 2025 में इन प्रयासों को और सशक्त बनाने की आवश्यकता है, ताकि समाज को भ्रामक सूचनाओं से बचाया जा सके।

एडीजी रमित शर्मा ने सभी डिजिटल वालंटियर्स से अनुरोध किया कि वे एक विशेष सर्वेक्षण फॉर्म भरें, जिससे भ्रामक सूचनाओं के प्रसार को रोकने के लिए अधिक प्रभावी रणनीति बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के माध्यम से पुलिस और डिजिटल वालंटियर्स के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जिससे फेक न्यूज और अफवाहों के खिलाफ लड़ाई को मजबूती मिलेगी। एडीजी रमित शर्मा ने सभी डिजिटल वालंटियर्स से इस अभियान को और व्यापक बनाने का आग्रह किया और कहा कि सोशल मीडिया पर जिम्मेदारी से सूचना साझा करना और भ्रामक खबरों को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है।₹आपके सहयोग से हम 2025 को और अधिक सुरक्षित और जागरूक बना सकते हैं। आइए मिलकर इस मुहिम को आगे बढ़ाएं !₹ डिजिटल वालंटियर कार्यक्रम पुलिस और जागरूक नागरिकों के बीच एक साझेदारी है, जिसका उद्देश्य सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर गलत सूचना और अफवाहों को रोकना है। इसके तहत नागरिक पुलिस को संदिग्ध और भ्रामक सूचनाओं की जानकारी देकर समाज को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। इस मौके पर एडीजी ने वॉलिंटियर्स को संदेश देते हुए कहा कि आगामी त्योहारों की सभी को शुभकामनाएं और डिजिटल वालंटियर कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे होने की बधाई। 2024 में डिजिटल वालंटियर्स के प्रयासों की सराहना की, 2025 में इन प्रयासों को और मजबूत करने का आह्वान किया। सर्वेक्षण फॉर्म भरने का अनुरोध ताकि रणनीतियों को और प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस अभियान को सोशल मीडिया पर शेयर करें। भ्रामक सूचनाओं की रिपोर्ट करें। सत्यापित खबरें ही साझा करें। सर्वेक्षण फॉर्म भरें और पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करें।आपका एक कदम समाज को सुरक्षित और जागरूक बना सकता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में लापता व्यक्ति की गुमशुदगी दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सल्पा से एक मंदबुद्धि व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता व्यक्ति के भाई ने थाने पर तहरीर देकर गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई है पुलिस तलाश में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव सल्पा निवासी शिवकुमार ने बताया कि उसका भाई राजीव गत 16 मार्च को घर से कस्बे के लिए आया था बताया गया कि एक व्यक्ति ने उसके साथ कस्बे के एक होटल पर खाना खाया और उसके बाद से वह घर नहीं पहुंचा बीच रास्ते में ही कहीं लापता हो गया। पीड़ित के द्वारा बताया गया कि उसके भाई का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है।

# अब सीबीगंज के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी एंटी रैबीज वैक्सीनेशन का कार्य शुरू

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र के अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर विश्राम सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर अखिलेश्वर सिंह, मंडलीय अर्बन हेल्थ कंसल्टेंट डॉक्टर गंगा शरण एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर अजमेर सिंह के दिशानिर्देश में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन का शुभारंभ प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु गुप्ता द्वारा बताया गया कि रेबीज बीमारी मुख्यतः जंगली आवारा जानवरों के काटने से होती है, इसका अगर समय पर टीकाकरण



न कराया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है, इसलिए हमे जहां तक संभव हो सके वहां तक जंगली और आवारा जानवरों से बचकर ही रहना चाहिए और यदि विषम परिस्थिति बस जानवर हमे काट भी लेता है तो हमे तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीकाकरण करवा लेना चाहिए ताकि हम इस बीमारी से बचे रहे, चूंकि सीबीगंज का अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जिले में पहला ऐसा केंद्र है जहां पर एंटी रेबीज का टीका उपलब्ध हुआ है ताकि आस पास के क्षेत्र की जनता को अधिकतम लाभ हो सके एवं जायदा परेशानी का सामना न करना पड़े। इसीलिए क्षेत्रवासियों को विषम परिस्थितियों में यहां पर आकर एंटी रेबीज का टीकाकरण करना चाहिए जिससे वह और उनका परिवार इस बीमारी से दूर रह सके, इस अवसर पर हिरदेश कुमार, मनमोहन सिंह, सरिता कुमारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नवनिर्वाचित भाजपा महानगर अध्यक्ष का आयुष मंत्री ने किया स्वागत व अभिनंदन

वेलकम इंडिया

**वाराणसी।** नवनिर्वाचित भाजपा महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि का आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु के नेतृत्व में कार्यकताओं ने गुरुवार को जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया। सिगरा महमूरगंज मार्ग पर राजन शाही कालोनी में स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने नवनिर्वाचित भाजपा महानगर अध्यक्ष का अंगवस्त्रम, बुके व मोमेंटो देकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकताओं ने हर हर महादेव का उद्घोष किया। इस अवसर पर आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि प्रदीप अग्रहरि जैसे जमीनी कार्यकर्ता को महानगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देकर शीर्ष नेतृत्व ने दिखा दिया कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है जिसमें कार्यकताओं का सम्मान है। कहा कि प्रदीप जी के पिछले कार्यकाल में पार्टी को प्रचंड जीत मिली थी, मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगामी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पुनः ऐतिहासिक जीत हासिल होगी। इस अवसर पर नव निर्वाचित महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा कि आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु ने जो सम्मान मुझे दिया है उससे मैं अभिभूत हूं। मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता पर पार्टी ने जो विश्वास जताया है उसे पुरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पुरा करूंगा। कहा कि मेरा प्रयास होगा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को साथ लेकर पार्टी को नई ऊंचाईयों तक पहुंचाऊं।



# सशक्त भारत के विकास करने का संकल्प लेकर भाईचारे को मजबूत करें: रामपाल चौधरी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देश पर रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी की संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष पंडित अरुण शर्मा के साथ कई गांव में बैठक आयोजित की गई। रामपाल चौधरी ने रालोद के समर्थकों से राय ली जो पार्टी के लिए काम करेगा प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी देकर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह व स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह के बताए रास्ते पर चलकर जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करें। किसान मजदूर सहित हर वर्ग को साथ लेकर सशक्त भारत के विकास करने का संकल्प लेकर भाईचारे को मजबूत करें। रामपाल चौधरी ने कहा कि गांव में आए दिन पार्टी को मजबूत करने का काम किया जाएगा बाकी सब के आग्रह पर कार्यकर्ता पार्टी से जोड़ने के मुहिम जारी रहेगी।गांव नवीपुर में नीरज नबीपुर, चौधरी मनवीर सिंह, नरेश चौधरी, शीशपाल चौधरी, चंद्रपाल चौधरी, सुरेश चौधरी, चंद्र बोस चौधरी, लोकेश चौधरी, तुनी प्रधान, विपिन चौधरी, संदीप चौधरी, जसवीर चौधरी, रमेश चौधरी, ब्रह्मपाल चौधरी, गांव मिल्कचाकरपुर में चौधरी आजाद सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख मुरादनगर, चौधरी आकाश प्रधान जी, चौधरी राजवीर, चौधरी सोहन पाल, चौधरी ज्ञानेंद्र सिंह, मोनू चौधरी, नीतू चौधरी, सोनू चौधरी, जानी चौधरी, उमंग चौधरी, दीपक चौधरी, गांव सुल्तानपुर आदित्य चौधरी उर्फ बिट्टू, मदनपाल चौधरी, कंवरपाल चौधरी, नीलम चौधरी, नीरज चौधरी, दरोगा जी, मनवीर चौधरी, रविंदर फौजी, गुरु चरण सिंह, धर्मवीर चौधरी, मनजीत सिंह, नरेश चौधरी, बॉबी चौधरी, तेजपाल चौधरी, लखन चौधरी, कन्हैया, जसवीर, संजीव चौधरी, ग्राम सलेमाबाद सतपाल चौधरी, विजेंद्र सिंह, धर्मपाल चौधरी, ओमपाल सिंह, सेवाराम, गजेंद्र, मन्नू चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, सतवीर, जसवीर, राजवीर, राजेंद्र नेताजी, सतपाल सलेमाबाद, बृजपाल चौधरी, मुन्ना खान, वीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# नीति आयोग की वरिष्ठ सहायक कृष्णकान्त शर्मा ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया




**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** नीति आयोग की सहयोगी संस्था रॉकेट लर्निंग द्वारा चलाये जा रहे टीचर प्रॉडएक्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियां जनपद में चलाई जायेगी, जिसको दृष्टिगत रखते हुए दिल्ली से आये हुए नीति आयोग की वरिष्ठ सहायक कृष्णकान्त शर्मा ने जोगिया विकास खण्ड के तीन आंगनबाड़ी केन्द्र जोगिया, दोहनी तथा देवरा बाजार का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान केन्द्रों की व्यवस्था, स्कूल पूर्व शिक्षा का स्तर तथा अन्य पहलुओं की जानकारी ली गई। वहीं भ्रमण के दौरान अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन भी किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को पीटीएम के महत्व पर जानकारी देते हुए श्री शर्मा ने पोषाहार, पोषण और कुपोषण तथा शिक्षा के विषय में लोगों को जागरूक रहने को कहा। समय पर बच्चों के देखभाल करने एव स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष जोर दिया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ0 गोपाल कुमार ने समय से आंगनबाड़ी केन्द्र खोलने तथा गर्भवती और धात्री महिला के देखरेख के लिए कहा साथ ही पोषण ट्रैकर को अपडेट करने हेतु सभी को निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य सेविका देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजकुमारी देवी, माधुरी, प्रतिमा व सुमन सिंह तथा रॉकेट लर्निंग से कार्यक्रम प्रबन्धक सुकेश जिला समन्वयक अमृता एवं विक्रम आदि लोग उपस्थित रहें।

# बागेश्वर धाम कथा हेतु भूमि पूजन विधिवत संपन्न

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** गुरुवार को सनातन कथा समिति द्वारा बागेश्वर धाम कथा स्थल पर भव्य भूमि पूजन का आयोजन विधि-विधान से संपन्न हुआ। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान के बीच पूरे वातावरण में भक्तिमय ऊर्जा का संचार हुआ।

इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल, विधायक अमित अग्रवाल, मेयर हरिकांत अलूवालिया, पूर्व विधायक सतप्रकाश अग्रवाल, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, पूर्व महानगर अध्यक्ष मुकेश सिंघल, नवीन गुप्ता, अजय गुप्ता एवं कमल दत्त शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सनातन कथा समिति के नीरज मित्तल, संजय त्रिपाठी, राजेश अग्रवाल, संजीव मित्तल, विपिन सिंघल, राजीव अग्रवाल, सुमित सिंघल और अर्चित सिंघल ने सभी विशिष्ट अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें शॉल (पटका) ओढ़ाकर सम्मानित किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में कथा महामंत्री राजेश खन्ना, कथा सचिव गणेश अग्रवाल, जॉनी मित्तल, आदेश शर्मा, मदन गोपाल गुप्ता, रवि वोहरा, शशांक भारद्वाज, उज्जवल शर्मा, रविंद्र मलिक, रक्षित जिंदल, अजय वर्मा, पंकज चौधरी, प्रदीप हुड्डा, पार्षद सुमित मिश्रा, पार्षद बबीता खन्ना, पार्षद किशन वैध, संदीप रेवरी, पुलकित बंसल, सतीश उज्जवल, अमित गुप्ता, अमित वर्मा (मोंटी) आदि गणमान्य उपस्थित रहे। मीडिया संयोजक ऋषि त्यागी ने जानकारी दी कि कथा स्थल पर पंडाल में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क जल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। कथा मुख्य संयोजक ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और मेरठ की जनता को अधिक से अधिक संख्या में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने सभी सनातन प्रेमियों से आग्रह किया कि वे बड़ी संख्या में पधारकर पूज्य धीरेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से हनुमंत कथा का श्रवण करें और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें।

# पार्किंग स्थल पर अवैध अतिक्रमण, बोले- ठेकेदार सीईओ व ब्रिगेडियर से करेंगे शिकायत

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** लालकुर्ती पैंठ बाजार में दुकानों के सामने अतिक्रमण कर फड लगाई जा रही है जिससे आम जन के लिए बड़ी असुविधा हो रही है कैंट बोर्ड इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है यह आरोप

शिकायत कर्ता कैंट बोर्ड ठेकेदार अशोक जिंदल लगा रहे हैं उन्होंने बताया नैय्यर पैलेस स्थित वाहन पार्किंग ठेका 17 लाख में लिया हुआ है पार्किंग स्थल पर लगभग एक दर्जन लोगों ने अवैध रूप से फड़ लगा ली है। जिससे पार्किंग स्पेस बहुत कम हो गया है विभाग इसमें कोई मदद नहीं कर रहा है तथा ठेका चलाना मुश्किल हो रहा है आरोप है कि कुछ दुकानदारों ने दुकान के आगे सड़क पर अवैध फडवालो से तीन व चार सौ रुपए प्रतिदिन वसूली करते हैं। श्री जिंदल ने बताया रिवेन्यू विभाग अफसरों से पार्किंग स्थल से अतिक्रमण हटाने की कई बार गुहार लगा चुके हैं। विभाग अधिकारी हमारी नहीं सुनते अब जल्द ही कैंट बोर्ड सीईओ व ब्रिगेडियर से मिलेंगे। बता दें बाजारों में अतिक्रमण को लेकर बीते सोमवार को कैंट बोर्ड बैठक में कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने सदर व अन्य बाजारों में रास्ते पर दुकानदारों ने दुकान के बाहर अतिक्रमण किया हुआ है जिसे अभियान चला कर हटाने मांग की थी। तथा नगर निगम प्रशासन का शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का भी जिक्र किया था।

# डी एम आदेश पर नगर पालिकाका एक्शन नाराज दुकानदार ने सडक पर फेकी सब्जी



वेलकम इंडिया

**प्रतापगढ़ ।** सडको पर जाम से नाराज जिलाधिकारी के आदेश और मनमाने तरीके से सडको पर सज रहीं दुकानों को हटवाने पहुंची पालिका की टीम को देख बुधवार को कई दुकानदारों ने हंगामा किया। सड़क पर सब्जी को फेंकने के बाद हंगामा कर पालिका की टीम पर तोड़फोड़ का आरोप मढ़ दिया।

शहर की प्रमुख सड़कों पर जाम की समस्या पर डीएम ने नाराजगी जताई है। नो वेडिंग जोन में दुकाने लगाने पर रोक लगने के बाद मनमानी बंद नहीं होने से पालिका का सिरदर्द बढ़ गया है। आंबेडकर चौराहे से टंडन पार्क तक सड़क के दोनों किनारे पर फुटपाथ की दुकाने लगाने पर प्रतिबंध है। कई दिनों से इसी रोड पर करीब दौ सौ मीटर तक दुकाने लगने से जाम की समस्या से राहगीरों को परेशानी हो रही है। दो साल पहले ऐसे दुकानदारों को सगरा के पास सिटी रोड पर दुकाने नगर पालिका ने मुहैया कराई है, बावजूद इसके मनमानी कर सिविल लाइंस में नो वेंडिंग जोन में दुकाने लग रही हैं। शहर की प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण को देख डीएम शिवसहाय अवस्थी नाराज हैं। बुधवार शाम नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह नो वेंडिंग जोन में पहुंचे तो अधिकांश दुकानों पर पालीथिन देख 1300 रुपये का जुमार्ना वसूला। दुकानों को यहां लगाने से मना करने पर बिफरे कुछ दुकानदारलगाने से मना करने पर बिफरे कुछ दुकानदार सब्जी को बीच सड़क पर फेंकने के बाद हंगामा किया।

दुकानदारों ने नारेबाजी करते हुए नगर पालिका की टीम पर तोड़फोड़ कर सब्जी फेंकने का आरोप लगाया है। अतिक्रमण हटाने का निर्देश सुनते ही कई दुकानदारों की ओर से सड़क पर सब्जी फेंकने का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ है। सफाई निरीक्षक ने बताया कि नो वेंडिंग जोन में दुकानें नहीं लगेंगी। मनमानी पर केस दर्ज कराया जाएगा।

# पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** युग शक्ति क्रांतिकारी संगठन द्वारा पुलिस पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सुरेन्द्र नाथ तिवारी डीसीपी गाजियाबाद, ज्ञानप्रकाश राय एसीपी मोदीनगर, प्रशांत त्यागी, थाना प्रभारी मोदीनगर रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के उपलक्ष में सम्मान पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी प्रेम स्वरूप शुक्ला, सीमा रानी शर्मा, नीरज शर्मा, मीरा स्वरुप शास्त्री, वीना चौधरी, सूबे सिंह नागर, नागेश कुमार, नव्या शर्मा, सिद्धार्थ शर्मा, प्रीति शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आबूलेन के व्यापारियों ने की मुख्यमंत्री से बाजार का नाम बदलने की मांग

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** गुरुवार को मेरठ के मुख्य बाजार आबू लेन का नाम बदलने की मांग को लेकर अबू लेन व्यापार संघ के लोगों के साथ मिलकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से यह मांग की है की मेरठ के मुख्य बाजार अबू लेन की इस रोड का नाम इस बाजार का नाम किसी हिंदू क्रांतिकारी एवं बलिदानी व्यक्ति के नाम पर रखवाने की मांग करते हैं एवं उनकी प्रतिमा लगवाने की भी मांग करते हैं क्योंकि यह मेरठ का मुख्य बाजार है जगह-जगह से लोग यहां खरीदारी करने आते हैं और यहां 99% दुकानदार हिंदू है अब हम किसी अब्बू के नाम को बर्दाश्त नहीं कर सकते एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मेरठ में 1688 में बना अब्बू का मकबरा को तोड़ने की मांग की यदि उत्तर प्रदेश सरकार इस मकबरे को बुलडोजर द्वारा ध्वस्त करती है तो मैं 50 लाख रुपए हिंदू समाज से एकत्र कर उत्तर प्रदेश सरकार को दूंगा एवं केंद्र सरकार या महाराष्ट्र सरकार औरंगजेब के मकबरे को बुलडोजर द्वारा ध्वस्त किया जाता है तो मैं एक करोड रुपए केंद्र सरकार और महाराष्ट्र की सरकार को भी हिंदू समाज से एकत्र करके दूंगा।

# महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास, मामला दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव की महिला ने गांव के एक व्यक्ति पर जबरन घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप गलाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव डांगरोल निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पति डूयटी पर बाहर गए थे। महिला घर पर अकेली थी। बीते बुधवार की रात्रि को गांव का एक व्यक्ति महिला के जबरन महिला के घर में घुस गया, और महिला को बुरी नियत के चलते दबोच कर दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। महिला ने जान बचाने के लिये शोर शराब किया तो आरोपी धमकी देकर मौके से फरार हो गया। महिला ने अपने परिजनों को मामले की जानकारी दी। जिसके चलते परिजन महिला को साथ लेकर थाने पंहुचें तो महिला ने आरोपी व्यक्ति के विरूद्ध नामजद तहरीर देकर मामला दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने समाज सेवा की जानकारी दी




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल मोदीनगर के सीनियर प्रधानाध्यापक अंकित से दशमेश खालसा समिति सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी अध्यक्ष अंकुर अरोड़ा, उपसचिव आशीष अरोड़ा, मीडिया प्रभारी सरबजोत सिंह नय्यर अथवा मुख्य ट्रस्टी विकास भसीन द्वारा एक शिष्टाचार मुलाकात की गई।

जिसमें वर्तमान में संस्था के द्वारा दी जा रही सेवाओं अथवा समाज के हित में भविष्य में दी जाने वाली सेवाओं की योजना के विषय में भी बातचीत की गई। संस्था के द्वारा दी जा रही सभी सेवाओं के बारे में जानकार अंकित ने सेवाओं को बहुत ही सराहनीय बताया और भविष्य में दशमेश खालसा परिवार के साथ जुड़कर समाजहित के कार्यों में अपनी भागीदारी देने का भी आश्वासन दिया। साथ ही संस्था के द्वारा चलाई जा रही सेवा उतना ही लो थाली में, जो व्यर्थ न जाए नाली में सेवा की सराहना करते हुए अंकित ने कहा कि स्कूल प्रशासन से अनुमति लेकर इस मुहिम को अपने स्कूल के बच्चों, बच्चों के माता पिता और टीचर्स को भी मुहिम से जोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे।

# विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव, बच्चों ने प्रस्तुत किये मनमोहक कार्यक्रम





वेलकम इंडिया

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के प्राथमिक विद्यालय नवीन पकड़ी में गुरुवार को वार्षिक उत्सव एवं शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष डॉ0 पवन मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष जफर आलम व अब्दुल अजीज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के छात्र अंकुर, रुद्र, लक्षिता, करीना, अक्षांश, वैष्णवी, अनुज, अजीत, नैंसी, रितिका, वर्तिका, साक्षी आदि ने कान्हा काटे मत चुटकी, ये प्रयागराज है, बेटी हिंदुस्तान की, एक बार सलामी दे दो, राम आयेंगे, बड़ा नीक लागे आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर वाहवाही बटोरी। नियमित आने वाले लगभग 50 बच्चों व विद्यालय के 20 निपुण बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कल्पना ने अतिथियों के प्रति आभार जताते हुए अंग वस्त्र भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन एआरपी मुस्तन शेरुल्लाह ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका कल्पना, राम प्रसाद, कृष्णकला, अश्वनी कुमार, जफर आलम, अब्दुल अजीज, कमलेश दूबे, सुशील सिंह, हारून, नैयर सिद्दीकी, नन्दनी उपाध्याय, आनन्द प्रकाश गोंड, मो नैयर सिद्दीकी, अश्विनी चौधरी, रामप्रसाद यादव, कृष्ण कला, महेश प्रसाद, महेन्द्र यादव, संजय कुमार उपस्थित रहें।

# बरसात से पहले पानी निकासी व सड़क चौड़ी करण का कार्य पूर्ण हो: ईश्वर चंद



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने सीकरी कला काजमपुर मार्ग पर बरसात से पहले पानी निकासी में सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण कराए जाने की मांग की है।

ईश्वर चंद्र में बताया कि पूर्व दिसम्बर 2023 मे काजमपुर सड़क खुदाई कर बनाने की मांग की गई थीं, पिछले वर्ष 2024 मे पीडब्लूडी विभाग द्वारा काजमपुर की सड़क तो बना दी गई,लेकिन अभी तक सड़क के दोनों तरफ इंटरलोकिंग टाइल्स का कार्य नहीं हुआ है। सड़क के दोनों तरफ नाली निर्माण भी नहीं हो पाया है।ईश्वर चंद्र ने बताया है कि जल्दी ही कोई जनप्रतिनिधि आकर सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन कर एक शिलापट लगाएगा और भोली जनता बड़ी खुशी से अपने जागरूकता के आभाव पर ताली बजाएगी और कुछ देर के लिये जनप्रतिनिधि के साथ फोटो किलिक कर अपने अपने घर वापस चले जाएगे लेकिन कोई एक भी यह सवाल नहीं कर सकता की सड़क तो बनी लेकिन सड़क चौड़ी ना होने या पानी की निकासी के लिये नाली निर्माण की कोई नहीं पूछेगा। ईश्वर चंद्र ने बताया है उपजिलाधिकारी मोदीनगर से निर्वाण फाउंडेशन बहुत जल्दी वार्ता कर सड़क चौड़ी करण व पानी निकासी के लिये बरसात के महीने से पहले कार्य को पूर्ण कराने पर वार्ता की जानी है । क्योंकि उक्त सड़क पर दो कालोनी बनाई जा रही है।उन कालोनीयों के पानी की निकासी कहां की जाएगी और किस दिशा मे पानी का डलहान दिया जाना है।यह बात भी रखी जाएगी जब तक सड़क चौड़ी करण व पानी निकासी के लिये नाली निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता तब तक कोई उद्धघाटन या शिलान्यास कर शिला पट नहीं लगाई जाए।

# भव्य पालकी शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** साईं बाबा मंदिर की प्रबंध समिति के सौजन्य से यहां हाईवे पर निकाली गई भव्य पालकी शोभा यात्रा का श्रद्धालुजनों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर (मोदी मंदिर) से प्रारंभ भव्य पालकी यात्रा हाईवे से होते हुए मोदी कपड़ा मिल के निकट स्थित श्री साईं मंदिर में पहुंचकर सम्पन्न हुई। साईं बाबा के श्रद्धालु भक्तों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। पालकी यात्रा के दौरान अनेक नयनाभिराम झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इस अवसर पर कैलाश चंद तिवारी, सुनिल शर्मा, प्रदीप बोस, नवीन टंडन, देव कुमार, आदेश त्यागी सहित अन्य कई श्रद्धालुजन मौजूद थे।

# नन्ही रोजेदार दरख्शां रहमानी का नवां रोजा



वेलकम इंडिया

**टाण्डा जिला रामपुर।** रमजान उल मुबारक का महीना बरकतों और रहमतों से भरा होता है, जिसमें हर बालिग और आकिल पर रोजा रखना फर्ज.है। इस पाक महीने में जहां बड़े इबादत और रोजे में मशगूल रहते हैं।वहीं छोटे बच्चे भी अपने घर और आसपास की दीनी फिजा से प्रभावित होकर अल्लाह की रजा के लिए खुशी-खुशी रोजे रख रहे हैं।

नगर के एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी रहे वफाउर्रहमान जामई के शिक्षक पुत्र सईदुज्जफर रहमानी की सात वर्षीय बेटी दरख्शां रहमानी भी इस इबादत में पीछे नहीं है।मजहबी जज्बे से सरशार दरख्शां ने गुरुवार को अपना नवां रोजा रखा, जिससे पूरे परिवार में खुशी का माहौल रहा।दरख्शां के पिता सईदुज्जफर रहमानी ने बताया कि घर के बड़े उस पर रोजा रखने का तकाजा नहीं कर रहे हैं,लेकिन माहौल और दूसरे बच्चों को देखकर वह खुद ही रोजे रख रही है। मासूम दरख्शां की इस पाकीजा इबादत से यह साबित होता है कि रमजान की रोशनी नन्हे दिलों में भी अल्लाह की इबादत का जज्बा भर देती है। छोटे बच्चों के रोजे रखने का यह जुनून और अल्लाह की राह में उनकी यह मासूम कोशिश इस महीने की पाकीजगी और रहमत की बेहतरीन मिसाल है।

# क्षत-विक्षत अवस्था में पुलिस को मिला था व्यक्ति का शव, अज्ञात होने पर समाज सेवियो ने किया अंतिम संस्कार

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** अज्ञात शव को एडीएचआर की देखरेख और समाजसेवी सुनीत आर्य के नेतृत्व में दाहसंस्कार किया गया जिसके दाहसंस्कार की व्यवस्था मे एनएसएस अध्यक्ष सुनील अग्रवाल का पूर्णरूपेण सहयोग रहा।

दिनांक 17 मार्च को मुरसान कोतवाली के अंतर्गत मथुरा रोड कंचना फाटक के आगे गांव नगला मेवा के खेतों में एक 58 वर्षीय व्यक्ति का शव बहुत ही क्षत विक्षत अवस्था में पुलिस को मिला मृतक के शव को जानवर खा गए थे मृतक कत्थई कलर का कुर्ता पट्टेदार अंडरवियर सफेद पजामा व नीला स्वेटर पहने हुए था। पुलिस द्वारा शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे रखा शव की शिनाख्त न होने के कारण शव को थाना पुलिस द्वारा लावारिस घोषित कर पोस्टमार्टम कराया गया उसके उपरांत पुलिस द्वारा समाजसेवी सुनीत आर्य व प्रवीन वार्ष्णेय से शव के अंतिम संस्कार के लिए अनुरोध किया गया समाजसेवियों द्वारा उपरोक्त शव का हिंदू रीति रिवाज दाहसंस्कार किया। अंतिम संस्कार में प्रवीन वार्ष्णेय राष्ट्रीय महासचिव एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक ह्यूमन राइट्स समाजसेवी सुनीत आर्या,एनएसएस अध्यक्ष सुनील अग्रवाल,आयोग दीपक ,बंटी भाई कपड़े वाले,साथ में तरुण राघव, दिव्यांशु वार्ष्णेय,कांस्टेबल 900 आकाश मलिक,कांस्टेबल 596 अरविंद आदि मौजूद रहे।

# सिद्धार्थ वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से विकास साहनी ने महिला मरीज को किया रक्तदान

वेलकम इंडिया



**शोहरतगढ़ /सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़.के मझवां गांव निवासी महिला मरीज जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर में भर्ती थी, जिसको एक यूनिट 'ओ' पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी।जरूरतमन्द मरीज को कहीं खून का इंतजाम नहीं हो पा रहा था। मरीज के परिजनों ने सिद्धार्थ वेलफेयर सोसाइटी सचिव धर्मेन्द्र जायसवाल को सूचना दी। उन्होंने कार्यकताओं व सोशल मीडिया के माध्यम से साथियों से सम्पर्क साधना शुरू कर दिया। सम्पर्क के दौरान समाजसेवी विकास साहनी को सूचना मिली। विकास साहनी ने जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर पहुंचकर मरीज को एक यूनिट रक्तदान किया। मरीज को आगे भी हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिलाया। सिद्धार्थ वेलफेयर सोसाइटी के प्रबन्धक वकार मोइज खान ने सचिव धर्मेन्द्र जायसवाल व रक्तदाता विकास साहनी के नेक कार्य की सराहना की है। मरीज के परिजनों को भरोसा दिलाया कि सिद्धार्थ वेलफेयर सोसाइटी हर सम्भव समाज की मदद के लिए तैयार है।

# शराब ठेके पर सेल्समैन की दबंगई, ग्राहक के साथ मारपीट

वेलकम इंडिया




**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के दिल्ली रोड स्थित शराब ठेके पर शराब खरीदने गए एक ग्राहक के साथ सेल्समैन एवं ठेकेदार ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, पीड़ित ने थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है,पुलिस जांच में जुटी है। जनपद मुजफ्फरनगर के गांव सिसौली निवासी बबली कश्यप ने बृहस्पतिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि दिल्ली रोड स्थित इंग्लिश के शराब ठेके पर शराब लेने के लिए गया था आरोप है कि तभी सेल्समैन ने ओवर रेट की मांग की। जब पीड़ित के द्वारा ओवर रेट लेने का विरोध किया गया तो आरोप है कि आरोपी सेल्समैन व ठेकेदार ने अपने लोगों के साथ मिलकर पीड़ित के साथ जमकर मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित व्यक्ति ने थाने पहुंचकर आरोपी सेल्समैन व ठेकेदार के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# विश्व गौरैया दिवसः हमारी प्रिय गौरैया को बचाने का आह्वानः इको क्लब

वेलकम इंडिया




**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विश्व गौरैया दिवस हर साल 20 मार्च को मनाया जाता है ताकि घरेलू गौरैया और अन्य सामान्य पक्षियों की घटती संख्या के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।यह पहल इको क्लब के सहयोग से शुरू की गई थी।यह दिन इन छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पक्षियों के संरक्षण के महत्व की याद दिलाने का काम करता है।तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़. के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम के विद्यालय में इको क्लब ने गुरुवार को विश्व गौरैया दिवस मनाया। प्राथमिक विद्यालय गोल्हौरा मुस्तहकम के प्रधानाध्यापक डॉ0 आशुतोष सिंह ने बच्चों को जागरुक करते हुए बताया कि विश्व गौरैया दिवस प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है, इसकी शुरूआत 2010 में हमारे देश की नेचर फारएवर सोसाइटी ने की थी। इस दिवस को मनाने का उदेश्य घरेलू गौरैया के बारे में जागरुकता बढ़ाना और इसकी विलुप्ति रो रही प्रजातियों को रोकना है। गौरैया संरक्षण के लिए क्या करे, गौरैया दिवस मनाने की वजह और उद्देश्य पर बच्चों को विस्तार से बताया गया। बच्चों ने पोस्टर गतिविधि का भी आयोजन किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक डा0आशुतोष सिंह, शिक्षक बाबूलाल प्रसाद, धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, अभिनव मिश्रा, सुप्रिया राय आदि लोग मौजूद रहें।

# शिक्षक ने छात्र को बेरहमी से पीटा अभिभावक पहुंचे थाने

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** अभिभावक के द्वारा थाने में पहुंचकर स्कूल के प्रबंधक पर अभद्रता करने तथा शिक्षक द्वारा बच्चें के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मौहल्ला रायजादगान निवासी मांगेराम सैनी पुत्र इलम चंद ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसका 13 वर्षीय पुत्र अंश सैनी नगर के ईंडन कॉन्वेट स्कूल में कक्षा 06 का छात्र है। गुरूवार को स्कूल में परीक्षा होने के चलते उसका पुत्र परीक्षा देने के लिए गया था। आरोप है कि इस दौरान स्कूल में मौजूद शिक्षक अर्जुन के द्वारा उसके पुत्र के साथ अकारण ही डंडे से मारपीट करनी शुरू कर दी। मारपीट के दौरान उसके पुत्र को गंभीर चोट आई है, जिसका पता चलते पर जब वह स्कूल में आपत्ति दर्ज कराने के लिए गया तो स्कूल में मौजूद वहां के प्रबंधक बी के सिन्हा ने उनकी बातों को ना सुनते हुए उनके साथ अभद्रता करते हुए उन्हें स्कूल से बाहर निकाल दिया। पीडित ने अपने पुत्र का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीडित को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# किसान संगठन की शिकायत पर अधिशासी अभियंता ने संबंधित अधिकारियों को लिखा पत्र

वेलकम इंडिया



**नजीबाबाद** ।विगत दिनों पूर्व भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारी ने अधिशासी अभियंता पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड- 6 के अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद से वार्ता की थी। जिसमें किसानों द्वारा अधिशासी अभियंता पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड -6 नहर की पटरी से होकर हाईवे द्वारा अवैध मिट्टी का भरान हो रहा था। जिससे नहर की दायी पटरी पर बनी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई थी। जो ग्राम इस्सेपुर से होते हुए ग्राम मोहम्मद अलीपुर परमावाला भी होकर जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यकताओं ने अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद को अवगत कराया था कि नहटौर ब्रांच पर अवैध रूप से मिट्टी के ओवरलोड हाईवे चलाए जा रहे हैं जो नजीबाबाद शहर के साथ-साथ नजीबाबाद से लगे गांव में मिट्टी का अवैध रूप से भरान कर रहे हैं।जिससे नहर की पटरी क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे राहगीरो के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी इस नहर पर चलना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि जब यह ओवरलोड हाइवे नहर की पटरी पर दौड़ते हैं। तो इतनी धूल उड़ती है,कि आने-जाने वाले राहगीर एवं छात्र-छात्राओं को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। भारतीय किसान यूनियन की शिकायत के आधार पर समस्या का समाधान करने के लिए अधिशासी अभियंता ने सींचपाल एवं जिलेदार व जूनियर इंजीनियर पूरी गंगा नहर निर्माण खंड 6 को आदेशित किया कि नहर पर चल रहे, ओवरलोड हाइवो को बंद कराया जाए, परंतु डंपरो के ड्राइवर द्वारा अधिकारियों का आदेश ना माना और लगातार नहर की पटरी पर ओवरलोड डंपर चलाते रहे। वहीं अधिशासी अभियंता त्रिलोकचंद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला खनन अधिकारी उप जिलाधिकारी नजीबाबाद एवं तहसीलदार नजीबाबाद सहायक अभियंता पूर्वी गंगा नहर निर्माण खंड 6 एवं थाना अध्यक्ष नजीबाबाद को उक्त ओवरलोड मिट्टी से भरे अवैध हाइवो को रोके जाने एवं उक्त हाईवे के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने हेतु पत्र लिखा है।

# सीएनडीएस द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का निरीक्षण किया

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर-20 मार्च, 2025- जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कण्व ऋषि आश्रम का स्थलीय निरीक्षण कर विकास एवं निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार सदर, स्वयंसेवी संस्था के सदस्य पद्म सिंह एहलावत तथा ग्रामीण लोग मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने लगभग 61 बीघा क्षेत्र में फैले कण्व ऋषि आश्रम स्थल पर कार्यदाई संस्था सीएनडीएस द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए की निर्धारित समय अवधि में समस्त कार्य पूर्ण करें और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की अनियमितता प्रदर्शित नहीं होनी चाहिए। स्थाई गौशाला के निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए की गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यहां साधारण गोवंशों के साथ-साथ दुधारू गाय भी रखी जाए तथा उनके गोबर का भी जैविक खाद के रूप में प्रयोग किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कण्व आश्रम स्थल को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए उसका सौंदर्यीकरण कराएं तथा कण्व ऋषि तथा राजा भरत से संबंधित स्मृतियों का चित्रण एवं लेखन भी कराएं।

इस अवसर पर स्वयं सेवी संस्था के पदम सिंह अहलावत द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष गंगा मालन बंध की समुचित मरम्मत तथा मजबूती के लिए उस पर पत्थर लगवाने, नवनिर्मित भवन में विद्युत कनेक्शन लगवाने तथा पुलिस चौकी की स्थापना की मांग की गई। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उक्त कार्यों पर विचार कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

# लोनी विधायक की मुख्य सचिव और कमिश्नर को चुनौती

## बिना अनुमति कलश यात्रा रोके जाने पर पुलिस व विधायक में धक्की-मुक्की

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भाजपा विधायक नंदकिशोर के आज बृहस्पतिवर शाम गाजियाबाद पुलिस ने कपड़े फाड़ दिए। खींचतान करते हुए धक्कामुक्की की गई। लोनी बार्डर थाना क्षेत्र में नाईपुरा कॉलोनी में कन्या डिग्री कॉलेज में श्रीराम कथा का आयोजन हो रहा है। इससे पहले यात्रा निकाली गई। इस दौरान पुलिस ने अनुमति नहीं दी, इस कथा में कथावाचक अतुल कुमार भारद्वाज कथा सुना रहे हैं। भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कथा के मंच से यूपी पुलिस को चुनौती देते हुए कहा- मैं यूपी पुलिस को चुनौती दे रहा हूं। चीफ सेकेट्री तेरी मां ने दूध पिलाया है, कमिश्नर तेरी मां ने दूध पिलाया है। कथा के बाद गाजियाबाद में कहीं भी तय कर लेना। यहां से से लेकर कहीं भी तय कर लेना। 28 मार्च के बाद तय कर लेना। समय चीफ सेकेट्री का होगा। हमें मुख्यमंत्री योगी जी ने कहा था कि तुम्हे बोलना नहीं है। लोनी बार्डर थाने में पैसे लेकर हमारे कार्यकर्ता को पैसे लेकर छोड़ा। मैं बोला नहीं, कब तक चुप रहेंगे। हमारी कार्यकर्ता सरिता चौधरी को पैसे लेकर छोड़ा, आखिर हम कब तक चुप रहेंगे। एसडीएम, एसीपी लोनी को हमने ज्ञापन दिया। इंस्पेक्टर ने शराब पी रखी थी। एसीपी लोनी शराब के नशे में धुत था। इंस्पेक्टर बार्डर भी शराब के नशे में था। हमारी बहनों को भी धक्के मारने का प्रयास किया।







**चीफ सेकेट्री नमाज रोककर दिखा दे:** भाजपा विधायक ने मंच से कहा- आज माफ कर देना, मोदी जी और योगी जी आपके हैं। भीड़ से कहा कि मैं पैर पकड़कर आपसे माफी मांगता हूं। मंच से भाजपा विधायक ने कहा कि आप कानून को मारने वाले हैं। किसी की भी सरकार रही हो, कभी किसी ने परमिशन नहीं ली। यदि चीफ सेकेट्री की मां ने दूध पिलाया है तो नमाज रोककर देखकर दिखा दे। कायरों गाय कटवाने वालों, चीफ सेकेट्री ने 20 करोड़ रुपये लिए। 8 दिन तक किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। हमें छोटे-छोटे मामलों को लेकर थाने में जाना पड़ रहा है। छेड़छाड़ के एक मामले में हम थाने गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज तक नहीं की। कार्यकर्ता तो दूर जनप्रतिनिधियों की बात भी नहीं सुनी जा रही है। बेटियों के साथ छेड़छाड़ हो रही है। चैन स्नेचिंग हो रही है। लगातार अपराध की बड़ी घटनाएं हो रही हैं। बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। हमारे मुख्यमंत्री की बात को भी नहीं सुना जा रहा। जब चीफ सेक्रेटरी को कमिश्नर अपना आका बता रहे हैं। सीएम तीन बार कह चुके हैं कि इन अधिकारी को हटाएंगे, लेकिन इसके बाद भी नहीं हटाया जा रहा।

### 5 जनवरी को भाजपा विधायक का बयान

5 जनवरी को भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा था– मैं ग्राउंड पर गया। वहां गोकशी हो रही थी। पहले जब गाय पकड़ी जाती थीं, तो थाने चौकी पर कार्रवाई होती थी। थाना प्रभारी सस्पेंड होते थे। चौकी इंचार्ज पर कार्रवाई होती थी। लेकिन अब कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे साफ होता है कि पुलिस मिली हुई है। पहले भी हम गायों को बचाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ते रहे हैं। हमारे हर कार्यकर्ता इस लड़ाई में है। लेकिन अब सुनवाई नहीं हो रही है। नोएडा में गाय का मांस पकड़ा गया है। बताया गया कि साहिबाबाद फैक्ट्री में आ रहा। यह अखबारों में छप रहा। सामने आ रहा है कि गोकशी हो रही है। जब यह बात प्रमाणित होती है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

### पुलिस कमिश्नर के खिलाफ भी बोल रहे विधायक

भाजपा विधायक ने आगे कहा था कि गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा, बोलते हैं कि चीफ सेक्रेटरी का आशीर्वाद है। कहते हैं कि जो हम चाहेंगे वही होगा। नैतिकता के आधार पर चीफ सेक्रेटरी रिजाइन दें। इससे पूरे देश में मैसेज जाएगा। सीएम को भी ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

## आंगनबाड़ी कार्यकताओं की चल रही भर्ती प्रक्रिया में आए हजारों आवेदन

**गाजियाबाद।** प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकताओं की चल रही भर्ती प्रक्रिया में जिले से 184 पदों के सापेक्ष पांच हजार 871 आवेदन विभाग को प्राप्त हुए थे। जिसके लिए विभाग जनवरी माह से आए आवेदनों के सत्यापन में जुटा है। विभाग के सामने अब नगर क्षेत्र से आए लगभग 1,700 आवेदनों के सत्यापन की चुनौती सामने आई है। विभाग को आवेदनकताओं ने आवेदन में दिए निवास प्रमाण पत्र और और अब सत्यापन के समय दी निवास की जानकारी भिन्न पाई जा रही है। जिसको लेकर विभाग अब वोटर लिस्ट व निवास प्रमाण पत्र कि जानकारी के साथ–साथ पार्षदों से संपर्क कर रहा है। जिससे सत्यापन की प्रक्रिया जल्द पूरी जा सके। जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वाष्णेय ने बताया कि नगर क्षेत्र के अलावा सभी ब्लाक की सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है, नगर क्षेत्र से आवेदन करने वाली कार्यकताओं के सत्यापन के लिए पार्षदों से संपर्क किया जा रहा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला लापता

**गाजियाबाद।** बाजार से दवाई लेने गई महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुत्र ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। नगर की विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी अक्षत ने बताया कि मेरी 46 वर्षीय मां ममता देवी बुधवार दोपहर बारह बजे दवाई लेने के लिए बाजार गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी जब महिला नहीं मिली तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। इसके अलावा एक कॉलोनी निवासी युवती बुधवार शाम को अचानक लापता हो गई। परिजनों ने अपहरण करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों की तलाश शशुरू कर दी है।

## स्क्रैप का ठेका दिलाने के नाम पर व्यापारी से 25 लाख रुपये की ठगी

**गाजियाबाद।** जल निगम की पुरानी बिल्डिंग में स्क्रैप का ठेका दिलाने के नाम पर स्क्रैप व्यापारी से 25 लाख रुपये ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना वेव सिटी के डासना देहात निवासी इमरान मलिक स्क्रैप व्यापारी है। उनके द्वारा मुरादनगर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार उनकी मुलाकात मुरादनगर की जलालपुर रोड निवासी शैलेश भारद्वाज व कच्ची सराय कॉलोनी निवासी नसीबूद्दीन से हुई। उन्होने बताया कि इमरान मलिक को बताया कि दीपक वोहरा की एक बहुत बड़ी स्क्रैप की कंपनी है और वह जल निगम के पुरानी बिल्डिंग तोड ? का ठेका लेते है। वह अपना काम पेटी ठेकेदारों के माध्यम से ही कराते है। 14 जुलाई 2024 को उन्होने इमरान मलिक की मुलाकात मुरादनगर स्थित कृष्णा सागर होटल में दीपक वोहरा से कराई। पुरानी बिलिडंग तोड ? का ठेका 50 लाख पचास हजार में तय हो गया। इसके बाद इमरान मलिक ने ऑनलाइन 15 लाख रुपए का भुगतान भी कर दिया। इसके बाद दस लाख रुपए और मागे गए, जो नकद दे दिए गए। आरोप है कि जल निगम की अनुमति मिलने पर काम शुरू करने की बात कहते रहे। पैसे वापस मांगने पर देने से इंकार कर दिया ओर पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## आवास आयुक्त उत्तर प्रदेश से वार्ता के उपरांत समाधान निकालने के प्रयास किए जाएंगे: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बंद पड़ी विकास परियोजनाओं को चालू करने के लिए किए जा रहे प्रयासों को तेज करते हुए जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री दीपक मीणा द्वारा आवास विकास परिषद तथा यूपीसीडा के अधिकारियों और भू अर्जन से प्रभावित किसानों (मंडोला) के साथ महात्मा गांधी सभागार कलैक्ट्रेट में एक बैठक की गई। उल्लेखनीय है कि मुआवजे में वृद्धि तथा अन्य मांगों को लेकर आवास विकास परिषद की मंडोला विहार योजना तथा यूपीसीड़ा की ट्रॉनिका सिटी योजना में काफी समय से विकास कार्य बाधित हैं। मंडोला विहार योजना में किसानों को रुपए 1100 प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजा दिया गया है परंतु कुछ किसानों द्वारा मुआवजे को बढ़ाकर दिए जाने की मांग की जा रही है तथा इस मांग को लेकर परिषद के विकास कार्य बाधित किया जा रहे हैं। मुआवजे के साथ-साथ किसानों द्वारा 10 प्रतिशत विकसित भूमि के आवंटन तथा अन्य मांगे की जा रही है। इस संबंध में विचार विमर्श के लिए जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में आवास विकास परिषद के अधिकारियों एवं ग्राम मंडोला के किसानों के मध्य वार्ता हुई। उप आवास आयुक्त अनिल कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि किसानों की मांग पर पूर्व में ही गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की भांति रुपए 1100 प्रति वर्ग मीटर की दर पर लगभग 95 प्रतिशत किसानों को मुआवजे का भुगतान किया जा चुका है तथा अर्जित भूमि के बदले 6 प्रतिशत विकसित भूमि का आवंटन भी किया जा रहा है। अधिग्रहण के समय मौके पर पाई गई लगभग 30 एकड़ आबादी भूमि अधिग्रहण से मुक्त की जा चुकी है तथा ग्रामवासियों के लिए अन्य सुविधाएं भी विकसित की जा रही हैं।



जिलाधिकारी महोदय द्वारा संबंधित किसानों को आश्वस्त किया गया कि उनकी मांगों के संबंध में शीघ्र ही आवास आयुक्त उत्तर प्रदेश से वार्ता की जाएगी एवं वार्ता के उपरांत समाधान निकालने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में उप आवास आयुक्त अनिल कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी लोनी राजेन्द्र शुक्ला, अधीक्षण अभियंता अभिषेक पाल व अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## लोन देने के नाम पर लाखों की ठगी मामले में कोर्ट के आदेश पर एफआईआर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** खोड़ा थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति से लोन देने के नाम पर दिल्ली के आरोपियों ने लाखों रुपयों की ठगी कर ली। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब जाकर पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। विशाल गुप्ता पुत्र सत्य प्रकाश निवासी के-49, तारा ऐन्कलेव, खोडा कालोनी ने ऐसीजे खोडा, थाना-खोड़ा, जिला गाजियाबाद ने एसीजे (सीडि) कोर्ट संख्या-2 में दी शिकायत में कहा कि चन्दन, मनीष और देव निवासी 155. सुभाष मार्किट, ब्लॉक -2. पार्ट-1 त्रिलोक पुरी दिल्ली से फोन पर पिछले साल 8 अगस्त को बात हुई थी। तब उक्त तीनों व्यक्तियों ने यह आश्वासन दिया कि आपका लोन हम टाटा कैपिटल से करा देगें। जिसके अन्तर्गत आप से रेट ऑफ इन्टरेस्ट 8.50 प्रतिशत का होगा और 8 दिन में लोन करा देंगे। इसपर लोन करने के लिए सारे दस्तावेज दे दिए। जिसमें इन लोगों ने एक किराया नामा मांगा जो दुकान किराये पर ली थी उसका किरायानामा 30 हजार रुपए माह तय हो गया। दुकान न0.78 सैक्टर-3, बिहारी मार्किट वैशाली गाजियबाद जिसका रेन्ट अग्रीमेन्ट 23 अगस्त को नोटरी के साथ बनवाकर इन तीनी को दे दिया। फोन से बात हुई और इन लोगों ने फाईल चार्ज, लोन प्रोसेसिंग फीस क्कद्ध से 5 हजार मांगी। सभी खर्चे कुछ 55 हजार दे दिए गए। काफी समय बीत जाने के बाद इन लोगों ने 55 हजार रुपये के लोन का नहीं भेजा था। खाते में कोई लोन का पैसा नही आया। उसके बाद वादी ने टाटा कैपिटल में पता किया तो टाटा कैपिटल ने बताया कि इस लोन नम्बर का कोई लोन हमारे यहां से पास नहीं हुआ है तथा चन्दन कुमार, मनीष और देव ने उसके साथ धोखे से 55 हजार रुपए ले लिये और 6,25,000/- रुपए का लोन जो टाटा कैपिटल से किया था।

## कमरे में फंदे से लटका मिली छात्रा

**गाजियाबाद।** कनावनी निवासी नर्सिंग की छात्रा अपने ही कमरे में फंदे से लटका मिलीं। परिजन फंदे से उतारकर छात्रा को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शुरूआत में परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, लेकिन बाद में पुलिस के समझाने पर पोस्टमार्टम कराया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मूलरूप से अंबेडकरनगर जिले के बसखारी स्थित समरा नसीरपुर की रहने वाली मनीषा पाल कनावनी में माता-पिता, बड़ी बहन और छोटे भाई के साथ रह रही थीं। मनीषा नोएडा स्थित एक निजी कॉलेज में नर्सिंग की छात्रा थीं। पिता रामलखन अपने ही मकान में किराना की दुकान चलाते हैं। बुधवार सुबह करीब 10 बजे परिजनों ने मनीषा को कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटका देखा।

## पत्रकार की पिटाई के मामले में थाना साहिबाबाद पर धरना, पुलिस कर्मियों के निलंबन की मांग

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के साहिबाबाद लाजपत नगर निवासी पत्रकार अभिषेक पंडित की पुलिस चौकी शनी चौक पर पिटाई करने के मामले में आज हिंडन पार क्षेत्र के पत्रकारों थाना साहिबाबाद पर प्रदर्शन कर धरना दिया। धरने की सूचना पर एसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव मौके पर पहुंची और उन्होंने पीड़ित पत्रकार से बात कर जानकारी ली लेकिन पत्रकारों ने अपना धरना समाप्त नहीं किया पत्रकारों की मांग थी क्या आरोपी दोनों दरोगाओं को निलंबन किया जाए इस मामले में डीसीपी ट्रांस हिंडन से बातचीत हुई और धरना समाप्त कर दिया गया।डीसीपी ने आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्रकारों से 2 दिन का समय मांगा है। मिली जानकारी के अनुसार जी ब्लॉक लाजपत नगर निवासी अभिषेक पंडित पुलिस चौकी शनी चौक पर एकत्र हुई भीड़ का मामला जानने के लिए मौके पर पहुंचे थे। यह भीड़ एक कर द्वारा एक्सीडेंट होने के मामले में लगी थी। इसी दौरान पिछले एक मामले से खुन्नस खाये चौकी इंचार्ज प्रभाकर सिंह एवं एसआई सौरभ कुमार ने मिलकर पत्रकार को चौकी के अंदर घसीट लिया और बुरी तरह से मारा पीटा। बाद में उन्हें शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर हवालात में डाल दिया। पत्रकार पर आरोप लगाया कि उसने भीड़ एटा की है और कर पर पत्थर मार करके शीशा तोड़ा है। आरोप है कि मामले की सूचना पर पहुंची पीड़ित पत्रकार की बहन के साथ भी मारपीट की गई और दुर्व्यवहार किया गया। पत्रकार की बूढ़ी मां जो अपने बेटे का हाल-चाल चलने थाना साहिबाबाद पहुंची थी उसे भी दुत्कारा गया और थाने से भगा दिया। इस मामले में पत्रकार की बहन ने भी दोनों उपनिरीक्षकों के खिलाफ गलत नीयत से हाथ पकड़ने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इस आशय का एक शिकायती पत्र रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाना साहिबाबाद अध्यक्ष को दिया है। पत्रकार के साथ हुई मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले में इलाके के पत्रकार एकत्र हुए और उन्होंने थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह से मुलाकात की। बाद में जब पीड़ित पत्रकार की हालत देखी तो पत्रकारों को बहुत बुरा लगा और मान सम्मान की लड़ाई के लिए वे थाने में ही धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठने की सूचना मिलने पर ऐसीपी साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव मौके पर पहुंची लेकिन पत्रकारों में धरने से उठने से मना कर दिया ।बाद में पत्रकारों के कहने पर अभिषेक पंडित को एसीपी इंदिरापुरम के कोर्ट में पेशी के बाद जमानत दे दी गई।




इस मामले में पत्रकारों ने दोषी दोनों उप निरीक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की मांग की है। धरने पर बैठे पत्रकारों को फोन कर डीसीपी ट्रांस हिंडन जॉन ने अपने कार्यालय पर बुलाया और उनसे वार्ता की। उन्होंने वार्ता के बाद कार्रवाई के लिए दो दिनों का समय मांगा है ।इस संबंध में डीसीपी ने पीड़ित पत्रकार अभिषेक पंडित से भी अलग से बात की और उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## विजय नगर में गरजानिगम का बुलडोजर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विजय नगर क्षेत्र के वार्ड-7, सुदामापुरी (डूंडाहेड़ा) में नगर निगम की करोड़ों की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को आखिरकार नगर निगम ने बुलडोजर चलाकर मुक्त करा लिया। गुरुवार को महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मालिक के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 35 करोड़ रुपये मूल्य की 5500 वर्गमीटर (सवा एकड़) भूमि को कब्जा मुक्त किया गया। इस कार्रवाई के दौरान 10 बुलडोजर और 10 डंपर लगाए गए। सुदामापुरी की यह भूमि नगर निगम की थी, लेकिन बादल यादव नाम के एक व्यक्ति ने इस पर अवैध कब्जा कर प्लॉटिंग शुरू कर दी थी। बादल यादव ने कोर्ट में जाकर इस भूमि को अपनी संपत्ति बताया और स्टे ले लिया था। नगर निगम ने इस मामले को कोर्ट में चुनौती दी। 19 मार्च 2025 को कोर्ट ने नगर निगम के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कब्जा हटाने की अनुमति दी। इसके तुरंत बाद नगर निगम ने बड़ी प्लानिंग के तहत कार्रवाई करते हुए गुरुवार सुबह से ही बुलडोजर चलाकर इस भूमि को खाली कराया।



## एक्सप्रेसवे पर पुलिस की तत्परता से मौत का आंकड़ा 62 प्रतिशत हुआ कम

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर 2022 से 2024 तक तीन साल में 73 प्रतिशत हादसे घटे और साथ ही मौत का आंकड़ा भी 62 प्रतिशत कम हुआ है।

पुलिस ने हादसे रोकने के प्रयास के लिए एक्सप्रेसवे के सभी एंट्री व एक्जिट पॉइंट पर 38 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाकर प्रतिबंधित वाहनों को रोककर और एनएचएआई को कई बार पत्राचार करके डिवाइडर पर रेलिंग लगाकर यह संभव किया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अभी दोपहिया वाहनों के कारण जो हादसे एक्सप्रेसवे पर हो रहे हैं वे दोपहिया वाहन मेरठ या दिल्ली से प्रवेश कर रहे हैं।

क्योंकि पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगने से पहले 2022 में दोपहिया वाहनों के कारण एक्सप्रेसवे पर होने वाले हादसों मे 41 लोगों की जान गई थी जो 2024 में घटकर केवल छह रह गई है।

## आबकारी विभाग के छापे में शराब पार्टी का खुलासा, कर्मचारी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के आरडीसी राजनगर में एक बड़े गिरोह का पदार्फाश हुआ है, जो कैफे की आड़ में अवैध वसूली और बिना लाइसेंस के शराब परोसने का धंधा चला रहा था। देर रात आबकारी विभाग की टीम ने एक कैफे पर छापा मारकर इस पूरे रैकेट का खुलासा किया। इस दौरान मौके से बड़ी मात्रा में शराब की खाली और भरी बोतलें बरामद हुईं। इस कार्रवाई में एक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कैफे के मालिक के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया गया है। आरडीसी राजनगर का यह कैफे युवकों को फंसाकर अवैध वसूली करने का अड्डा बन चुका था। गिरोह में शामिल युवतियां डेटिंग एप के जरिए युवकों से दोस्ती करती थीं और फिर उन्हें इस कैफे में मिलने के लिए बुलाती थीं। कैफे का माहौल पहले से ही सेट किया जाता था- स्टाफ के अलावा कुछ नकली ग्राहक भी वहां मौजूद रहते थे। जैसे ही युवक कैफे पहुंचता, युवतियां महंगे ऑर्डर जैसे कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, बीयर आदि मंगवाती थीं। इसके बाद कैफे का स्टाफ युवक को हजारों रुपये का बिल थमा देता था।

